Seventy-eight awards were presented this year across four categories — Super Swachh League Cities; Top three clean cities in five population categories; Special Category: Ganga Towns, Cantonment Boards, Safai Mitra Suraksha, Mahakumbh; and State-Level Awards — promising clean city of a state or UT. **PTI**

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Amar Ujala**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	2
CCM	196.31		

NDMC's amazing performance, got Super Clean League City Award, made continuous efforts for good ranking

एनडीएमसी का कमाल, मिला सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड

विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंत्री आशीष सूद व एनडीएमसी अध्यक्ष को प्रदान किया

स्वच्छ सर्वेक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी का दिल कहे जाने वाले नई दिल्ली क्षेत्र ने स्वच्छता के मामले में गौरव प्राप्त किया है। बृहस्पतिवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड से नवाजा गया। यह पुरस्कार 50,000 से तीन लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में दिया गया।

50
हजार से तीन लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में हुआ चयन

विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अवॉर्ड प्रदान किए। एनडीएमसी की ओर से यह अवॉर्ड दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। एनडीएमसी को यह अवॉर्ड न केवल उसकी स्वच्छता व्यवस्था की मजबूती बल्कि अपशिष्ट प्रबंधन, हरित पहल, तकनीकी नवाचार और नागरिक सहभागिता जैसे सभी मापदंडों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया।

एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि यह अवॉर्ड टीम की प्रतिबद्धता और अथक मेहनत का परिणाम है। विशेषकर हमारे सफाई सेवकों का योगदान इस सफलता की नींव है। यह केवल सम्मान नहीं बल्कि हमारे लिए एक प्रेरणा है कि हम और बेहतर करें। वहीं, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने निवासियों और आगंतुकों का भी आभार जताया।



बृहस्पतिवार को एनडीएमसी क्षेत्र का विहंगम दृश्य। अमर उजाला



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवॉर्ड प्राप्त करते मंत्री आशीष सूद। अमर उजाला

भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि भविष्य के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीएमसी स्वच्छता के स्तर को और ऊंचा उठाने, हरित आवरण बढ़ाने व उन्नत तकनीकों से स्वच्छता व्यवस्था को स्मार्ट और टिकाऊ बनाने की दिशा में लगातार कार्य करती रहेगी। इस सम्मान से एनडीएमसी क्षेत्र सहित पूरी दिल्ली की स्वच्छ छवि को नई धार मिली है। दिल्ली की पहचान अब सिर्फ ऐतिहासिक इमारतों और राजनीतिक गतिविधियों से नहीं बल्कि स्वच्छ और सतत विकासशील शहरी प्रशासन से भी जुड़ चुकी है।

अच्छी रैंकिंग के लिए किए लगातार प्रयास

नई दिल्ली। स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने हर वर्ष बेहतर प्रयास किए। तकनीकी नवाचार, जनसहभागिता और जमीनी स्तर पर निरंतर काम किए गए। इस कड़ी में न केवल कचरा प्रबंधन के आधुनिक मॉडल अपनाए बल्कि हरित ऊर्जा, सौंदर्यीकरण और नागरिक सहभागिता को भी प्राथमिकता दी। ब्यूरो

नई दिल्ली इलाके को स्वच्छ बनाने के लिए उठाए कदम



मंडी हाउस क्षेत्र में एनएसडी के पास आकर्षक गोलचक्कर। अमर उजाला

कचरा प्रबंधन व रिसाइक्लिंग

एनडीएमसी ने क्षेत्र में 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया। घरों, बाजारों और संस्थानों के गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग कर इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ा गया। इससे क्षेत्र में रिसाइक्लिंग यूनिट और कचरा छंटाई केंद्रों के जरिये प्लास्टिक, कागज व अन्य सूखे कचरे को दोबारा उपयोग में लाया जा रहा है।

ग्रीन वेस्ट मैनेजमेंट एवं ऊर्जा उत्पादन

पार्कों व उद्यानों से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट से खाद की व्यवस्था की गई। ये पहल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण दोनों में सहायक हुई।

शौचालय सुविधाएं एवं ओडीएफ++ प्रमाणपत्र

एनडीएमसी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ++ घोषित किया जा चुका है। क्षेत्र में अत्याधुनिक, साफ-सुथरे और स्मार्ट सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं। इससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिला है।

जनजागरूकता अभियान और स्वच्छता शिक्षा

स्वच्छता में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एनडीएमसी ने विशेष जागरूकता अभियान चलाए। स्कूलों में बाल स्वच्छता ब्रिगेड, कॉलोनियों में स्वच्छता रैलियां, सोशल मीडिया अभियानों और फीडबैक सिस्टम के जरिए जनता को स्वच्छता मिशन का भागीदार बनाया।

जी-20 सम्मेलन के लिए क्षेत्र को सजाया-संवारा

जी-20 सम्मेलन के दौरान एनडीएमसी क्षेत्र को सजाया-संवारा गया। मुख्य मार्गों, गोलचक्कर और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगी लाइट, चित्रों व पौधरोपण से खूबसूरत स्वरूप दिया। इससे राजधानी की अंतरराष्ट्रीय छवि भी निखरी।

संचालन में नवाचार और निगरानी

एनडीएमसी ने डिजिटल ट्रैकिंग, जीपीएस आधारित कचरा वाहन निगरानी, बायोमेट्रिक उपस्थिति, शिकायत पोर्टल और स्मार्ट स्वच्छता डैशबोर्ड जैसी नवाचारी व्यवस्थाएं लागू कीं। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय सुधार आया।

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Amar Ujala**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	2
CCM	23.58		

Delhi Cantonment's ranking fell and marks also decreased

दिल्ली छावनी की रैंकिंग में गिरावट अंक भी हुए कम

नई दिल्ली। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट में दिल्ली छावनी परिषद (डीसीबी) की रैंकिंग और प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार स्थिति कमजोर हुई है। ऐसे में इस क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 के सर्वेक्षण में देशभर की 61 छावनी परिषदों में दिल्ली छावनी की रैंकिंग 7वीं और 5072 अंक थे लेकिन वर्ष 2024-25 में 58 छावनी परिषदों की सूची में ये 30वें स्थान पर खिसक गई है। इस बार 4496 अंक रह गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि छावनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और नागरिक सहभागिता जैसे प्रमुख पहलुओं पर काम नहीं किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली छावनी परिषद ने गीले-सूखे कचरे का निपटान, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, जनजागरूकता अभियानों और स्वच्छता से जुड़ी सेवाओं के डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में अपेक्षित सुधार नहीं किए। इस कारण अंक कम हो गए। इसके अलावा शिकायतों के समाधान में देरी और कचरा उठान की नियमितता पर भी सवाल उठे हैं। छावनी परिषद के अधिकारियों का कहना है कि सर्वेक्षण रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जा रहा है और कमियों की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। आगामी सर्वेक्षण में फिर से बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

स्वच्छ सर्वेक्षण में दिल्ली छावनी की रैंकिंग में गिरावट स्कोर में भी कमी दर्ज

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Bhaskar**	**Language**	Hindi
Edition	Bhopal	**Journalist**	
Date	18/07/2025	**Page no**	01
CCM	N/A		

सफाई ही मध्य प्रदेश का संस्कार हमें 8 पुरस्कार... इंदौर 8वीं बार सबसे स्वच्छ शहर, नए शहरों में भोपाल दूसरा

दैनिक भास्कर भोपाल 18-07-2025

सेंसेक्स 82,259.24 ▼ -375.24
डॉलर 86.12 ▲ +0.20
देश में मानसून औसत बारिश 341.1 मिमी
आपके शहर में अब तक 415.2 मिमी | कम/ज्यादा +63.6 मिमी
(पिछले साल अब तक 473.0 मिमी बारिश हुई थी)
बड़ा तालाब
फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट | आज तक 1660.20 फीट

दैनिक भास्कर
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष- 8, 2082 12 राज्य | 61 संस्करण

सफाई ही मध्य प्रदेश का संस्कार हमें 8 पुरस्कार... इंदौर 8वीं बार सबसे स्वच्छ शहर; नए शहरों में भोपाल दूसरा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली/भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्य प्रदेश ने अपना परचम लहराया है। सफाई की अलग-अलग श्रेणियों में हमने 8 पुरस्कार जीते। इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। वह नई 'सुपर स्वच्छ लीग' में टॉप पर रहा।

वहीं, 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अहमदाबाद पहले तो भोपाल दूसरे स्थान पर रहा। मप्र से उज्जैन और खुदनी को स्वच्छता लीग में पुरस्कार मिला। इसके अलावा देवास, शाहगंज, जबलपुर और ग्वालियर भी इस सूची में रहे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल को सम्मानित किया। पुरस्कार लेने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेयर मालती राय व निगमायुक्त हरेंद्र नारायण पहुंचे।

स्वच्छता की हर लीग में हम

• इंदौर	'सुपर स्वच्छ लीग' में टॉप पर।
• भोपाल	10 लाख से अधिक आबादी में दूसरे स्थान पर।
• उज्जैन	सुपर स्वच्छ लीग, 3 से 10 लाख आबादी में पहला।
• खुदनी	सुपर लीग श्रेणी, 20 हजार से कम आबादी में 5वां।
• देवास	50 हजार से 3 लाख आबादी में देशभर में टॉप।
• शाहगंज	20 हजार से कम आबादी में तीसरे स्थान पर रहा।
• जबलपुर	नए शहरों की सूची में 5वां स्थान।
• ग्वालियर	प्रीमियम स्वच्छ शहर में शामिल, ओवरऑल 14वें।

महाकुम्भ को स्पेशल अवॉर्ड... उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और नगर निगम को महाकुम्भ 2024 के दौरान शानदार कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

भोपाल के नंबर कहां कटे? कचरा कलेक्शन, 7 स्टार रेटिंग, वाटर प्लस और कचरा प्रोसेसिंग में इंदौर के बराबर अंक, सिर्फ कचरा अलग करने व निस्तारण में पीछे रहे

कचरे के निस्तारण में 0 नंबर... आदमपुर खंती हटा दी तो इंदौर को टक्कर दे सकता है भोपाल

सात साल की मेहनत के बाद भोपाल ने सबसे स्वच्छ राजधानियों में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। स्वच्छता सर्वेक्षण में भोपाल देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित हुआ है, जबकि राजधानियों में नंबर 1 पर रहा। साथ ही 7 स्टार रेटिंग और वाटर प्लस का तमगा भी बना रहा। अगले साल भोपाल भी इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे शहरों की 'आईकोनिक सिटी' लिस्ट में शामिल हो जाएगा।

इस बार सिर्फ 12 अंक अधिक लाकर अहमदाबाद टॉप पर पहुंच गया, जबकि कचरा सेग्रीगेशन में वह भोपाल से भी पीछे है। असल दिक्कत वहीं है, जो स्लों से भोपाल की रफ्तार रोक रही है- आदमपुर छावनी की खंती। क्योंकि कचरा कलेक्शन, 7 स्टार रेटिंग, वाटर प्लस और कचरा प्रोसेसिंग में भोपाल के नंबर इंदौर के बराबर ही हैं। लेकिन सेग्रीगेशन (घर से ही कचरा अलग करना) में 5% अंक कटे, जबकि रीमेडेशन (निस्तारण) में 0% अंक मिले।

भोपाल vs इंदौर

हमें बस कचरे का 'पहाड़' नहीं बनाना

पैमाना	भोपाल	इंदौर
• डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन	100%	100%
• कचरा प्रोसेसिंग	100%	100%
• सोर्स सेग्रीगेशन	95%	98%
• स्टार रेटिंग	7 स्टार	7 स्टार
• वाटर प्लस	हां	हां

पहले नंबर से भोपाल सिर्फ 12 अंक पीछे

शहर	सर्वे स्कोर	सर्टिफिकेशन	कुल अंक
1. अहमदाबाद	9579	2500	12079
2. भोपाल	9567	2500	12067
3. लखनऊ	9501	2500	12001
4. रायपुर	9496	2500	11996
5. जबलपुर	9489	2500	11989

• भोपाल को 12500 में से 12067 अंक मिले। सेग्रीगेशन में हमारे 5% नंबर कटे। जबकि रीमेडेशन में 0 अंक मिले।

इंदौर की इन दो आदतों से क्या सीख सकता है भोपाल

• **इंदौर** : हर घर से 6 तरह से कचरा अलग-अलग किया जा रहा है। गीला, सूखा, प्लास्टिक, बाथरूम का कचरा, हानिकारक चीजें और पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान। भोपाल में सिर्फ 20 से 30% ही कचरा सही से अलग हो पाता है।

• इंदौर में रोज 1192 टन कचरा निकलता है, जबकि भोपाल में 800 टन। वहां की आबादी करीब 35 लाख है, भोपाल की 25 लाख। इंदौर कचरे के निस्तारण में आगे। इंदौर ने कचरे की खंती (देवगुराड़िया) को हटा दिया। नई जगह कचरा डंप नहीं होने दिया। भोपाल में पहले भानपुर में कचरा डाला जाता था, अब आदमपुर में पहाड़ बन रहा है।

स्वच्छ शहर...कचरा खोजने में एआई, मच्छर के लिए ड्रोन | पढ़ें पेज 12 पर

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Dainik Bhaskar**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1, 6
CCM	80.01		

Ahmedabad is the cleanest city, Bhopal is second; Indore tops the super clean league

स्वच्छता सर्वेक्षण • 2016 में 73 शहर से शुरू स्वच्छ भारत मिशन में इस बार 4,589 शहर शामिल, पिछले टॉप शहर इंदौर-सूरत सुपर स्वच्छ लीग में

अहमदाबाद सबसे स्वच्छ शहर, भोपाल दूसरा; इंदौर सुपर स्वच्छ लीग में टॉप पर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। स्वच्छता की दिशा में नए शहरों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई 'स्वच्छ शहर' श्रेणी में अहमदाबाद ने सबसे स्वच्छ बड़े शहर का खिताब जीता है। दूसरे नंबर पर भोपाल और तीसरे नंबर पर लखनऊ रहा। असाधारण प्रदर्शन के लिए लॉन्च 'सुपर स्वच्छ लीग' में इंदौर टॉप पर रहा। इसके बाद सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा हैं। 'सुपर स्वच्छ लीग' में 23 शहर हैं। ये सभी एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसके परिणाम अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चार श्रेणियों में 78 अवॉर्ड प्रदान किए। स्वच्छता सर्वे में 4,589 शहरों में 14 करोड़ लोग शामिल हुए थे।

खराब प्रदर्शन करने शहरों को मार्गदर्शन मिलेगा

स्वच्छ शहर श्रेणी में टॉप

10 लाख से अधिक	3-10 लाख
1. अहमदाबाद	1. मीरा-भायंदर
2. भोपाल	2. बिलासपुर
3. लखनऊ	3. जमशेदपुर

सुपर स्वच्छ लीग में शहर

10 लाख से अधिक	3-10 लाख
1. इंदौर	1. नोएडा
2. सूरत	2. चंडीगढ़
3. नवी मुंबई	3. मैसूर
4. विजयवाड़ा	4. उज्जैन

34 प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहरों में पटना भी

'वन सिटी, वन अवॉर्ड' नीति के तहत हर राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों से एक-एक 34 टॉप शहर को 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर' का खिताब मिला है। इसमें पटना, रायपुर, वडोदरा, सोनीपत, ग्वालियर, जयपुर ग्रेटर, बठिंडा, पिंपरी चिंचवड़ शामिल हैं।

टॉप शहर कमजोर को मार्गदर्शन देंगे

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 'स्वच्छ सिटी पार्टनरशिप' पहल भी शुरू की। इसमें टॉप 78 शहर अब खराब प्रदर्शन करने वाले एक-एक शहर को अपनाएंगे और उसका मार्गदर्शन करेंगे।

महाकुम्भ को स्पेशल अवॉर्ड... उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और नगर निगम को महाकुम्भ 2024 के दौरान शानदार कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

स्वच्छ शहर...कचरा खोजने में भी एआई, मच्छर के लिए ड्रोन

- सूखे कचरे से ईंधन और दोबारा उपयोग लायक प्रोडक्ट बनाए। सीमेंट, टेक्सटाइल प्लांट में उपयोग, राजस्थान के उद्योगों ने अपनाया।
- सूरत ने उद्योगों को सीवेज-ट्रीटेड पानी बेचा। एक साल में 140 करोड़ रु. कमाए। कचरे की डंपिंग खोजने के लिए एआई का इस्तेमाल।
- मवेशियों को आरएफआईडी टैग लगाए। शहर में आवारा घूमने पर ई-चालान भेजे।
- पुणे में कूड़ा बीनने वालों की सहकारी समिति बनाई। घर-घर से कूड़ा एकत्र होने लगा।
- विशाखापट्टनम में ग्रीन एंबुलेंस लॉन्च। पेड़ों की रक्षा करती है। मच्छरों से बचाव के लिए ड्रोन से लार्वानाशक छिड़काव शुरू किया।

इंदौर इसलिए मॉडल, घरों से छह तरह का कचरा जमा करने में आगे

स्वच्छ भारत स्कोर कार्ड में 'सोर्स सेग्रिगेशन' में इंदौर बहुत आगे रहा। इंदौर ने 98% अंक हासिल किए, जबकि सूरत को 92% अंक ही मिले। 35 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में नगर निगम 6 लाख घरों से नियमित कचरा संग्रहण कर रहा है। इस काम में 7500 सफाईकर्मी और 1700 से अधिक गाड़ियां लगा है। इनमें 575 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन शामिल हैं। वर्ष 2018 में पहली बार गीला और सूखा कचरा अलग किया गया। 2020 से छह तरह का कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजेबल प्लेट का इस्तेमाल बंद किया। सड़कों से आवारा मवेशी हटाए गए। -शेष पेज 10 पर

Downloaded from
SAMVAD

इंदौर इसलिए बना मॉडल....

वर्ष 2016 से स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर सफाई से बच्चों को जोड़ा। मोबाइल एप 311 लॉन्च किया। इसमें लोग गंदगी करने वालों की फोटो अपलोड कर सकते हैं। 2019 में ट्रेंचिंग ग्राउंड से 100 साल का कचरे का पहाड़ हटाया। जुलूस, शादी-ब्याह और बड़े इवेंट को कचरा मुक्त किया। सार्वजनिक स्थानों पर गुटखा थूकने पर 500 रुपए और कचरा फेंकने पर 10 हजार से 1 लाख जुर्माना वसूला गया।

बायो-सीएनजी प्लांट बनाया: कचरे के निबटान के लिए एशिया का सबसे बड़ा बायो-सीएनजी संयंत्र स्थापित किया।

क्लीन एयर प्रोग्राम से बदली आबोहवा : यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के सहयोग से इंदौर में 2020 में क्लीन एयर कैटलिस्ट प्रोग्राम शुरू हुआ। इसमें वायु प्रदूषण रोकने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और लोगों की सेहत में सुधार करने वाले स्थानीय स्तर के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

कैटेगरी	इंदौर	सूरत
डोर-टू-डोर	100	100
सोर्स सेग्रिगेशन	98	92
वेस्ट जनरेशन, प्रोसेसिंग	100	100
डेमेडिएशन ऑफ डंपसाइट	100	100
क्लिनलीनेस ऑफ रेसिडेंशिएल एरिया	100	100
क्लिनलीनेस ऑफ मार्केट एरिया	100	100
क्लीनलीनेस ऑफ पब्लिक टायलेट	100	100

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Bhaskar**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	6
CCM	24.63		

3 municipalities of Andhra Pradesh get Swachh Super League award

आंध्र की 3 नगर निगमों को स्वच्छ सुपर लीग पुरस्कार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 में आंध्र प्रदेश की 3 नगर निगमों ने स्वच्छ सुपर लीग पुरस्कार जीते हैं। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में विजयवाड़ा, 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में गुंटूर और 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों में तिरुपति नगर निगम ने स्वच्छ सुपर लीग पुरस्कार जीते हैं। जीवीएमसी विशाखापत्तनम को सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा और गरिमा प्रदान करने की उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया। राजमुंदरी को राज्यस्तरीय मंत्री पुरस्कार मिला, जो स्वच्छ शहरी वातावरण को बढ़ावा देने के उसके स्थानीय प्रयासों का प्रमाण है। नगर प्रशासन एवं शहरी विकास मंत्री



नारायण ने संबंधित निगमों के अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार ग्रहण किए।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Bhaskar**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	57.67		

Gurugram is 41th in cleanliness in the country and 7th in Haryana

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 • गुरुग्राम ने 99 पायदान की छलांग लगाई

गुरुग्राम देश में स्वच्छता के 41वें और हरियाणा के 7वें पायदान पर

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम गुरुग्राम ने सुधार करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 41वाँ स्थान तथा हरियाणा में 7वां स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2023-24 में गुरुग्राम को 140वाँ स्थान मिला था। इस सफलता से निगम अधिकारी फुले नहीं समा रहे हैं। निगम अधिकारियों का मानना है कि इस साल नगर निगम की टीम, सफाई कर्मचारियों और नागरिकों के सम्मिलित प्रयासों से गुरुग्राम ने 99 पायदान की छलांग लगाई है, जो कि एक अच्छा सुधार माना जा रहा है। हालांकि, अधिकारी इस बात पर गौर नहीं कर रहे कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में गुरुग्राम ने राष्ट्रीय स्तर पर 19वां स्थान हासिल किया था, जिसकी तुलना में इस बार 41वाँ स्थान बहुत सराहनीय नहीं है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में गुरुग्राम ने कचरा प्रोसेसिंग के क्षेत्र में 98 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है, जो कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, घर-घर कचरा संग्रहण में शहर ने 59 प्रतिशत प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम को वाटर प्लस सर्टिफिकेशन भी प्राप्त हुआ है, जो यह दर्शाता है कि शहर में उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट और पुनः उपयोग प्रणाली मौजूद है, जो पर्यावरण मानकों पर खरा उतरती है।



स्वच्छ सर्वेक्षण में गुरुग्राम का प्रदर्शन

2016 में 73 शहरों में 37वीं
2017 में 434 शहरों में 112वीं
2018 में 434 शहरों में 105वीं
2019 में 425 शहरों में 83वीं
2020 में 425 शहरों में 62वीं
2021 में 425 शहरों में 24वीं
2022 में राष्ट्रीय स्तर पर 19वां
2023 में गुरुग्राम को 140वाँ

निगमायुक्त बोले- यह टीमवर्क का नतीजा

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि गुरुग्राम को मिला 41वां स्थान एक टीमवर्क का परिणाम है। हमारे जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मचारियों, अधिकारियों और नागरिकों ने मिलकर यह मुकाम हासिल किया है। हम अब भी निरंतर प्रयासरत हैं कि अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में गुरुग्राम को देश के स्वच्छ शहरों में शुमार कराया जा सके।

गंदगी बढ़ रही है, रेटिंग बेहतर हो रही : डावर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि शायद ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है कि शहर में गंदगी, अस्वच्छता बढ़ रही है और सरकारी आंकड़ों में उसे बेहतर माना जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023-24 में गुरुग्राम को 140वां स्थान मिला था। इस बार ऐसा क्या जादू हुआ है कि यह नंबर घटा और सर्वेक्षण में गुरुग्राम राष्ट्रीय स्तर पर 41वें स्थान पर आ गया है।

निर्देश, अब अवैध डंपिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई

गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से कचरा एवं मलबा फेंकने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया, यदि आवश्यकता हो तो ऐसे वाहनों को जब्त कर एफआईआर दर्ज करें, जिससे एक सख्त उदाहरण स्थापित किया जा सके और अवैध डंपिंग पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Bhaskar**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	63.91		

The city got 4th rank in the category of 40 cities with population above 10 lakh

स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में फरीदाबाद इस बार भी बेहतर नहीं कर पाया

40 शहरों की 10 लाख की आबादी से ऊपर की श्रेणी में शहर को मिला 34वां स्थान

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

शहर की सफाई व्यवस्था पर हर साल 150 करोड़ खर्च करने के बाद भी नगर निगम शहर को साफ सुथरा नहीं बना पा रहा है। यही कारण है कि वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर फिर पिछड़ गया। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी स्वच्छता रैंकिंग में 40 शहरों की 10 लाख की आबादी से ऊपर की श्रेणी में शहर को 34वां स्थान मिला है। जबकि वर्ष 2023-36वां और 2024-381वां स्थान मिला था। शहर को साफ सुधरा बनाने के नगर निगम की ओर से बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन यहां न घर-घर से कूड़ा उठ रहा न सार्वजनिक शौचालयों की सफाई हो रही है। रिहायशी इलाकों से लेकर शहर के बाजार पूरी तरह साफ हैं। लेकिन खत्तों पर कूड़े का ढेर लगा रहता हैं। नाले गंदगी से भरे हैं। कूड़े का निस्तारण करने में भी शहर काफी पीछे है। बंधवाड़ी कूड़ा निस्तारण संयंत्र में कूड़े का निस्तारण कर बिजली बनाने का काम शुरू नहीं हो सका है। सफाई के लिए तय मानकों पर काम न होने से शहर की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार शहर के बाजार व रिहायशी कालोनियों में सफाई की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन खत्तों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े के ढेर अब भी हैं। कई जगह कूड़ा कई दिन तक नहीं उठता। जिससे वहां बदबू व गंदगी का माहौल बना रहता है। इसके लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने शहर को 13 फीसदी अंक दिए हैं। वहीं नगर निगम की डोर-टू-डोर कलेक्शन योजना पूरी तरह सफल नहीं हो पाई है।

तीन साल में नहीं बना एक भी डंपिंग यार्ड

स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट की सबसे बड़ी वजह नगर निगम की विफलता मानी जा रही है डंपिंग यार्ड का न बन पाना। तीन साल पहले एनजीटी ने गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी डंपिंग यार्ड में कूड़ा फेंकने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद निगम को शहर में ही स्थायी डंपिंग यार्ड विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि निगम ने कई जगह डंपिंग यार्ड के लिए भूमि चिह्नित की, लेकिन जहां भी यार्ड बनाने की योजना बनी, वहां स्थानीय लोगों का कड़ा विरोध झेलना पड़ा। इससे तीन वर्षों में एक भी यार्ड विकसित नहीं हो सका और अब स्थिति यह है कि कूड़े का निस्तारण नहीं हो रहा है। इसमें शहर को 32 फीसदी अंक मिले हैं। डंपिंग यार्ड के खिलाफ स्थानीय लोगों का विरोध काफी मुखर रहा। लोगों का कहना है कि उनके आसपास कूड़ा डालने से बदबू व बीमारियां फैलेंगी।

यह हाल है शहर का



रोड पर ही कूड़े का ढेर लगा है। ऐसे में शहर को बेहतर रैंकिंग कैसे मिलेगी।

पिछले वर्षों में यह रही स्थिति

- 2017-88वां
- 2018-216वां
- 2019-227वां
- 2021-38वां
- 2021-41वां
- 2022-34वां
- 2023-36वां
- 2024-381वां
- 2025-34वां

3 हजार कर्मचारी, निजी कंपनी भी शामिल, फिर भी सफाई नहीं

निगम में लगभग 3000 सफाई कर्मचारी हैं। कुछ साल पहले चीन की कंपनी ईको ग्रीन को निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उसे सालाना करीब 20 करोड़ रुपए दिए जाते थे। फिर भी शहर में सफाई व्यवस्था सही नहीं है।

नए दृष्टिकोण से विकास की योजना बना रहे: मेयर

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने स्वच्छता रैंकिंग पर कहाकि हम फरीदाबाद के लिए एक नए दृष्टिकोण से विकास की योजना बना रहे हैं। इसमें इंदौर नगर निगम के मॉडल को आधार बनाएंगे।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	108.26		

NDMC and Noida added to their glory

एनडीएमसी और नोएडा ने बढ़ाई शान

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : दिल्ली नगर निगम की रैंकिंग गिरी, 90 से 31वें स्थान पर आया

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: देशव्यापी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में एनसीआर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और नोएडा ने शान बढ़ाई है। एनडीएमसी ने 50 हजार से तीन लाख की आबादी की श्रेणी में तो नोएडा ने 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में हुई सुपर स्वच्छ लीग में उपलब्धि हासिल की। दोनों को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया है। दोनों निकायों ने स्वच्छ सर्वेक्षण में बादशाहत कायम रखी है, जबकि एनसीआर के दूसरे निकाय जैसे 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरी निकायों की श्रेणी में गाजियाबाद, ग्रुरुग्राम और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का प्रदर्शन तो सुधरा है, लेकिन संतोषजनक नहीं रहा है। एनसीआर का हिस्सा होने के बाद भी ये निकाय शीर्ष 10 से बाहर हैं। वहीं, 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरी निकायों में फरीदाबाद नगर निगम और छावनी परिषदों की श्रेणी में दिल्ली कैंट की स्वच्छ रैंकिंग में गिरावट आई है।

एनडीएमसी और नोएडा प्राधिकरण अपने बेहतर प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं। एनडीएमसी शुरू से ही बिना लैंडफिल साइट वाला निकाय है, जबकि नोएडा लैंडफिल साइट को खत्म कर पार्क बनाया जा चुका है। दोनों निकाय घर-घर से कचरा एकत्रीकरण करने के साथ गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग भी करते हैं। हर 500 मीटर की दूरी पर सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, बाजारों में झाड़ू के बजाय पोछा या मशीन से सफाई होने के साथ सूखे कचरे को रीसाइकिल कर ये निकाय अपने आप को एनसीआर के दूसरे निकायों से अलग करते हैं।

दिल्ली देश की राजधानी है। इसके बावजूद एमसीडी की 10 लाख से अधिक आबादी वाले निकायों की श्रेणी में स्वच्छ रैंकिंग पिछले वर्ष जहां 446 में से 90वें स्थान पर थी, वहीं इस बार 31वें स्थान पर है। गुरुग्राम पिछले वर्ष 140वें स्थान पर था, जबकि इस वर्ष 41वें स्थान पर है। इन दोनों निकायों की रैंकिंग में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन अब भी शीर्ष 10 में जगह पाने से बहुत दूर हैं। गाजियाबाद नगर निगम ने 26 अंकों का सुधार किया है, लेकिन एक अंक से शीर्ष 10 में स्थान पाने से चूक गया।



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उपलब्धि हासिल करने के बाद नई दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पुरस्कार ग्रहण करते एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ● एएनआइ

- शीर्ष 10 में शामिल दिल्ली कैंट बोर्ड 30वें स्थान पर पहुंचा
- गाजियाबाद और गुरुग्राम नगर निकाय का प्रदर्शन सुधरा
- फरीदाबाद ने किया निराश, रैंकिंग 11 अंक गिरी

एनसीआर की स्थिति

निकाय	2023	2024
फरीदाबाद	36	47
गुरुग्राम	140	41
एमसीडी	90	31
गाजियाबाद	37	11
दिल्ली कैंट	7	30
नोएडा	1	सुपरलीग में सम्मानित
एनडीएमसी	7	

41 वें पायदान पर गुरुग्राम, पिछले वर्ष 140वें स्थान पर था, शीर्ष 10 में जगह बनाने से अब भी काफी दूर है यह शहर

दिल्ली छावनी बोर्ड से निराशा

दिल्ली छावनी बोर्ड की स्थिति इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहद खराब रही है। जिस दिल्ली छावनी परिषद को तीन से सात स्थान तक की रैंकिंग मिला करती थी, वह अब 30वें स्थान पर पहुंच गया है। देशव्यापी रैंकिंग में दिल्ली छावनी परिषद की स्थिति 726 है, जबकि छावनी परिषदों में 58 में 30 है। स्वच्छ सर्वेक्षण बताता है कि न तो घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण हो पा रहा है और न ही सार्वजनिक शौचालय साफ हो पा रहे हैं। घर-घर से कूड़ा एकत्रीकरण में छावनी परिषद का प्रतिशत 49 है। सार्वजनिक शौचालयों को साफ रखने में 83 प्रतिशत है। यह हाल तब है, जब इलाका नियोजित है, आबादी कम है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	6
CCM	74.97		

Swachh Survey started with 73 cities, now more than 4,500 cities are included

73 शहरों से शुरू हुआ था स्वच्छ सर्वेक्षण, अब 4,500 से अधिक शहर हैं शामिल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : शहरों की स्वच्छता जांचने के लिए होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में आठ वर्ष पहले सिर्फ 73 शहर जुड़े थे, जबकि 2024-25 के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में अब 4,500 से अधिक छोटे और बड़े शहर जुड़ चुके हैं। पहली बार इन पुरस्कारों को शहरों की आबादी के हिसाब से पांच श्रेणियों में दिया गया है। इससे अब स्वच्छता को लेकर छोटे शहरों के बीच भी प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

इंदौर में स्वच्छता संस्कार बन चुकी है। इसीलिए यह शहर वर्ष 2017 से स्वच्छता में नंबर वन है। कचरा पेटियां हटाने और 350 वाहनों से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से शुरू हुआ यह प्रयास वर्ष-दर-वर्ष उच्च मानकों पर खरा साबित हुआ। नागरिकों के सहयोग से कचरा वाहन सूखा और गीला कचरा घरों व दुकानों से ही अलग-अलग लेने लगे। गीले कचरे से सीएनजी भी तैयार की जाने लगी। इंदौर ने 15.5 लाख टन से अधिक कचरे के पहाड़ को खत्म कर ट्रेंचिंग ग्राउंड की तस्वीर ही बदल दी। यहां दो लाख से ज्यादा पेड़-पौधे लगा दिए गए। कचरे के 'आठ आर' माडल यानी रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल, रिपर्यूज, रिथिंक, रिपेयर, रिपर्पज और रिनोवेशन पर बेहतर कार्य किया। नदी-नालों की सफाई के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाई गई।

जनभागीदारी माडल ने स्वच्छता में बनाया मप्र को अग्रणी: इंदौर सहित मध्य प्रदेश के आठ शहरों के स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में पुरस्कृत होने के पीछे जनभागीदारी माडल का महत्वपूर्ण योगदान है। इंदौर से प्रेरित होकर बाकी शहरों के नगरीय निकायों ने भी अपनी कार्ययोजना बनाई और उस पर अमल किया। सबसे पहले गंदगी की शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण करने का लक्ष्य रखा। फिर सभी शहरों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में भी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। पालीथिन मुक्त शहर के लिए भी अभियान चलाए गए। सड़कों को स्वच्छ रखने के लिए रात्रि में ही सफाई की जाती है। पार्कों का सुंदरीकरण किया गया है।

इन कारणों से सूरत को मिला दूसरा स्थान:

- सूरत शत-प्रतिशत कचरा पात्र से मुक्त शहर है। बाहर कचरे के कंटेनर की बजाय घर-घर जाकर कचरा एकत्र किया जाता है।
- पूरे शहर में सीसीटीवी से कचरे की निगरानी होती है। कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिये कचरा तुरंत साफ कराया जाता है।
- एआइ तकनीक से कचरे की छंटनी की जाती है। शहर में 1996 में प्लेग महामारी के बाद देश में पहली बार रात्रि में सफाई शुरू हुई।



नई दिल्ली में गुरुवार को इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ● एएनआइ

सुपर स्वच्छ लीग (शहरों के नाम रैंकिंग के घटते क्रम में)

दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में	इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, विजयवाड़ा
तीन से दस लाख की आबादी वाले शहरों में	नोएडा, चंडीगढ़, मैसूरु, उज्जैन, गांधीनगर, गुंटूर
50 हजार से तीन लाख तक आबादी वाले शहरों में	नई दिल्ली (एनडीएमसी), तिरुपति, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), लोनावाला (महाराष्ट्र)
20 हजार से 50 हजार की आबादी वाले शहरों में	विटा, सासवड़, देवलाली पर्वत (तीनों महाराष्ट्र के), झुंझारपुर (राजस्थान)
20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में	पंचगनी (महाराष्ट्र), पाटन (छत्तीसगढ़), पन्हाला (महाराष्ट्र), विश्रामपुर (छत्तीसगढ़), बुधनी (मध्य प्रदेश)

प्रेसीडेंशियल अवार्डी (शहरों के नाम रैंकिंग के घटते क्रम में)

दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में	अहमदाबाद, भोपाल, लखनऊ
तीन से दस लाख आबादी वाले शहरों में	मीरा-भायंदर (महाराष्ट्र), बिलासपुर, जमशेदपुर
50 हजार से तीन लाख की आबादी वाले शहरों में	देवास (मप्र), करहड़ (महाराष्ट्र), करनाल (हरियाणा)
20 से 50 हजार आबादी वाले शहरों में	पणजी, अस्का (ओडिशा), कुम्हारी (छत्तीसगढ़)
20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में	बिल्हा (छत्तीसगढ़), चिकिति (ओडिशा), शाहगंज (मप्र)

अहमदाबाद के लिए गर्व का क्षण : शाह

बड़े शहरों की श्रेणी में अहमदाबाद को सबसे स्वच्छ शहर चुने जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह शहर के निवासियों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इसे 'स्वच्छता अभियान' के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण बताया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Gautam Kumar Mishra
Date	18/07/2025	**Page no**	6
CCM	33.13		

Delhi Cantt slipped to 30th position in cleanliness ranking

दिल्ली कैंट स्वच्छता रैंकिंग में लुढ़ककर पहुंचा 30वें स्थान पर

गौतम कुमार मिश्रा ● जागरण

पश्चिमी दिल्ली: कभी 'स्वच्छ छावनी, स्वस्थ छावनी' का नारा दिल्ली कैंट के गोपीनाथ बाजार, झरहेड़ा, नांगल, मेहरम नगर जैसे इलाकों में गूंजा करता था। स्वच्छता के मामले में पूरी राजधानी में दिल्ली कैंट के इलाकों की मिसाल दी जाती थी। देश भर की छावनी परिषदों में दिल्ली कैंट क्षेत्र की साफ-सफाई की मिसाल दी जाती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं रह गया है। यकीन नहीं आए तो ताजा स्वच्छता रैंकिंग पर गौर करें। रोलर कोस्टर से भी तेज रफ्तार से नीचे लुढ़कते हुए दिल्ली कैंट इस बार सातवें से 30वें पायदान पर पहुंच चुका है। इतनी तेजी से रैंकिंग गिरने की वजह क्या है, इस पर जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलना नहीं चाहते। दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ कपिल गोयल मीडिया का नाम सुनते ही चुप्पी साध लेते हैं।

दिल्ली कैंट को कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करने की श्रेणी में सात प्रतिशत अंक मिला। घर घर कूड़ा एकत्र करने के मामले में इसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसमें इसे 49 प्रतिशत अंक मिले। सार्वजनिक शौचालय हैं, उसकी सफाई में इसे 83 प्रतिशत अंक मिला है।

स्वच्छता रैंकिंग में देश भर के छावनी परिषदों में 2023 में सातवें स्थान पर था दिल्ली कैंट, 2022 निगमों में पांचवें पर था

क्यों है ऐसा हाल

दिल्ली कैंट में तीन इलाके हैं। एक सैन्य इलाका है जो पूरी तरह नियोजित है। दूसरा शहरी इलाका है जो बाजारों के आसपास बसा है। तीसरा ग्रामीण इलाका है। बोर्ड का ध्यान हमेशा नियोजित इलाके पर रहता है। शहरी इलाकों में भी यह ध्यान देता है, लेकिन उतना नहीं जितना ध्यान सैन्य इलाकों में दिया जाता है। ग्रामीण इलाकों जहां घनी आबादी रहती है, वहां इसका सबसे कम ध्यान रहता है। यहां गंदगी की समस्या आम है। कूड़ा जगह-जगह बिखरा होता है। कई-कई दिनों तक इसे नहीं उठाया जाता है। इन इलाकों में जो पार्क बने हैं, उनकी देखरेख में भी बोर्ड की रुचि काफी कम होती है। बेसहारा पशुओं की समस्या भी यहां आम है। ऐसे इलाकों में घर-घर कूड़ा एकत्र करने की योजना सिर्फ कागजों पर चलती है। कूड़ा निष्पादन अधूरे ढंग से होता है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	34.51		

Indore is the cleanest city of the country for the eighth time in a row

इंदौर लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : शहरों की स्वच्छता जांचने के लिए कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में इंदौर एक बार फिर देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। उसने लगातार आठवीं बार यह खिताब जीता है। स्वच्छ सुपर लीग में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर के बाद दूसरे नंबर पर सूरत और तीसरे नंबर पर नवी मुंबई ने जगह बनाई है। शहरी स्वच्छता को लेकर छिड़े इस आंदोलन में अहमदाबाद, भोपाल व लखनऊ जैसे शहर भी नए स्वच्छ शहरों के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शीर्ष पर जगह बनाने वाले इन शहरों को पुरस्कृत किया। स्वच्छ सुपर लीग में पांच श्रेणियों में कुल 23 शहरों को, प्रेसीडेंशियल अवार्डी की श्रेणी में कुल 15 शहरों को, मिनिस्ट्रियल अवार्डी की श्रेणी में छह शहरों और मिनिस्ट्रियल अवार्डी में तेजी से सुधर रहे शहरों में 34 शहरों को पुरस्कृत किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सबसे अधिक महाराष्ट्र के 10 दस शहरों ने जगह बनाई है, जबकि मध्य प्रदेश के आठ, छत्तीसगढ़ के आठ, उत्तर प्रदेश के पांच और गुजरात के चार शहरों ने जगह बनाई है। प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उत्तर प्रदेश के ही सिकंदराबाद को सर्वश्रेष्ठ छावनी बोर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर के बाद दूसरे नंबर पर सूरत और तीसरे नंबर पर नवी मुंबई ने जगह बनाई

- **अहमदाबाद, भोपाल, लखनऊ नए स्वच्छ शहरों के रूप में उभरे, प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर का पुरस्कार**

रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल पर केंद्रित था इस बार का सर्वेक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण का इस बार का अभियान कचरे को रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल पर केंद्रित था। तीन हजार से ज्यादा मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों तक देश के हर वार्ड में गहन निरीक्षण किया। इस दौरान 11 लाख से ज्यादा घरों का मूल्यांकन किया गया। इसमें कुल 14 करोड़ नागरिकों की राय ली गई।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Dainik Jagran**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Kundan Tiwari
Date	18/07/2025	**Page no**	6
CCM	36.86		

Noida emerged as a role model for the cities of NCR

एनसीआर के शहरों के लिए रोल माडल बनकर उभरा नोएडा

कुंदन तिवारी ● जागरण

नोएडा: आवासन एंव शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग में नोएडा रोल माडल बनकर उभरा है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कराया। इससे सड़क और घरों के आगे खाली जगह पर गंदगी होना बंद हो गई। कंस्ट्रक्शन साइट (सीएनडी) वेस्ट का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण कराकर उसका 70 प्रतिशत रि-यूज कराया। जगह जगह बिल्ड आपरेट ट्रांसफर (बीओटी) माडल पर यूरिनल, शौचालय व महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनवाए, जिससे लोग सड़क पर गंदगी न करें।

मुख्य चौराहे, स्कूल, कालेज, मेट्रो स्टेशन व माल के आसपास पिंक बूथ बने हैं। किसी महिला को बच्चे को दूध पिलाना है तो उसके लिए भी बूथ में कमरा बना है। सेनेटरी पैड भी बूथ पर उपलब्ध रहते हैं। इस माडल को देश भर के सभी नगर निगम व प्राधिकरणों को अपनाने के लिए आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय ने वकालत की। सेक्टर 54 में डंप साइट पर पड़े एक लाख मीट्रिक टन कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से खत्म करा वैटलैंड बनाया। जिस क्षेत्र में लोग पहले गंदगी की वजह से जाना भी पंसद नहीं करते थे, वहां प्रतिदिन हजारों लोग पार्क में घूमने जाते हैं। सीवर का पानी ट्रीट कर शोधित जल उद्यानिक कार्य व कंस्ट्रक्शन साइट पर इस्तेमाल कराया गया।



घरों से इस तरह कूड़ा अलग रखने को जागरुक किया गया ● जागरण

इन बिंदुओं पर हुआ काम

- 2018 से 2024 तक स्वच्छता के सफर में जनमानस में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास किया।
- विभिन्न स्थानों पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सूखे एवं गीले कूड़े को अलग कर डस्टबिन में लगवाए।
- मानिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया, जहां से हर स्थान की कैमरे से नजर रखी गई।
- शहर में मैकेनिकल स्वीपिंग का कार्य उच्चस्तरीय तकनीकी मशीनों से कराया गया, जिसमें सेंट्रर वर्ज के बार्डर पर जमी मिट्टी तक हटवाई।
- नाला चोक होने की स्थिति में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से अंकुश लगाया गया।
- थ्रीआर रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल के माध्यम से जनजागरूक फैलाई।
- समस्त नालों पर बाम्बू स्क्रीन और एमएस बार स्क्रीन का प्रविधान किया गया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hindustan**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	The Edit Desk
Date	18/07/2025	**Page no**	10
CCM	52.65		

Appreciation of cleanliness

स्वच्छता की सराहना

भारत में स्वच्छता के पैमाने पर इंदौर आठवीं बार सिरमौर हुआ है, तो अपनी-अपनी श्रेणियों में लखनऊ और नोएडा के लिए भी बड़ी खुशखबरी है। इस बार स्वच्छ शहरों की अलग श्रेणी बनाई गई है, जिसे सुपर लीग नाम दिया गया है और इंदौर ऐसे ही शहरों में अव्वल पाया गया है। सुपर लीग से अलग भी स्वच्छ बड़े शहरों की श्रेणी है, जिसमें अहमदाबाद पहले और लखनऊ तीसरे स्थान पर है। इसी तरह से तीन लाख से दस तक की आबादी के शहरों में नोएडा का अव्वल आना उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी कामयाबी है। अनेक बड़ी कंपनियों के दफ्तर और एक बड़े रोजगार केंद्र के रूप में पूरी ताकत से उभरे नोएडा को अपनी यह जगह बनाए रखनी चाहिए। तहजीब के लखनऊ को भी स्वच्छता के मामले में पीछे देखने के बजाय कमियों को दूर करते हुए आदर्श बनना चाहिए। पटना और रांची जैसे राजधानी शहरों में भी सुधार सराहनीय है, पर उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों को स्वच्छता के पैमानों पर खरा उतरने के लिए अपने प्रयास तेज करने पड़ेंगे।

याद रहे कि भारत में स्वच्छता मापने का यह अभियान साल 2014 में स्वच्छ भारत अभियान के साथ शुरू हुआ था और पहले इस अभियान या रैंकिंग में 73 शहर निकाय ही शामिल हुए थे, पर इस बार 4,500 शहरों ने स्वच्छता की दौड़ में खुद को शामिल किया है। स्वच्छता के प्रति शहरों में तेजी से बढ़ता लगाव सुखद और स्वागतयोग्य है। अपने शहर को साफ रखने वालों की संख्या बढ़ रही है। बहरहाल, यह अच्छी बात है कि इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में शहरों को अलग-अलग पांच श्रेणियों में रखा गया है। अलग-अलग श्रेणी का सीधा सा अर्थ है कि सरकार किसी भी शहर को उपेक्षा का एहसास कराना नहीं चाहती। वाकई, एक बड़ी आबादी वाले शहर से कम आबादी वाले शहर की तुलना ठीक नहीं है। पहली श्रेणी में बीस हजार से कम आबादी वाले शहरों के साथ ही बीस से पचास हजार की आबादी वाले शहरों में स्वच्छता के मोर्चे पर ज्यादा निवेश की जरूरत है। मुख्य रूप से दैनिक सफाई और कचरा प्रबंधन युद्ध स्तर पर सुनिश्चित करना चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता संबंधी मूल्यों को शामिल करने और युवाओं को स्वच्छता को अपने स्वभाव में ढालने के लिए हर तरह से प्रेरित करना चाहिए। पर्यटन के बड़े केंद्रों या शहरों की स्वच्छता में आ रहा सुधार भी बहुत प्रशंसनीय है।

लखनऊ और नोएडा के नाम खुशखबरी है, पर उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों को स्वच्छता के पैमानों पर खरा उतरने के लिए अपने प्रयास बहुत तेज करने पड़ेंगे।

एक शहर को साफ रखने के लिए जितने भी जरूरी पैमाने हैं, उन पर स्थानीय निकायों को काम करने के साथ ही लोगों को भी जिम्मेदार बनाना चाहिए। कोई दोराय नहीं है कि भारत में स्वच्छता को दशकों तक हल्का विषय माना गया और स्वच्छता अभियान में भी बहुत उदारता बरती गई। समय आ गया है कि कुछ जगहों पर गंदगी फैलाने वालों को वाकई दंडित किया जाए। आर्थिक दंड अवश्य वसूला जाना चाहिए। हालांकि, इससे पहले स्थानीय निकायों को अपने गिरेबां में झांकना होगा। क्या ये निकाय स्वयं तमाम जरूरी स्वच्छता पैमानों को लागू करने की स्थिति में हैं? आखिर कितने निकायों को गीला और सूखा कचरा अलग करने में कामयाबी मिली है? ध्यान रहे, स्वच्छता के लिए शहरों को दिए गए पुरस्कार 54 संकेतकों वाले 10 स्पष्ट मानकों पर आधारित हैं। सभी संकेतकों के बारे में जन-जागरूकता से ज्यादा जरूरी है निकाय प्रशासन की सजगता। विजेता शहरों को देखना चाहिए कि उनके यहां कहां खुले नाले बह रहे हैं और कूड़े के कितने पहाड़ बचे हुए हैं? मतलब, शहर-दर-शहर अभी बहुत सफाई बाकी है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hindustan**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	2
CCM	20.81		

Delhi got 30th rank out of 58 cantonment areas of the country

देश के 58 कैंट एरिया में से दिल्ली को मिली 30वीं रैंक

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। सर्वेक्षण में दिल्ली कैंट क्षेत्र साफ-सफाई के मामले में बीते साल से पिछड़ गया। 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के कुल 61 कैंट एरिया में से दिल्ली कैंट को 7वीं रैंक मिली थी, जबकि इस बार 58 कैंट बोर्ड एरिया के बीच इसे 30वीं रैंक मिली है।

कूड़ा उठान समेत कई ऐसे बिंदु हैं जिन पर दिल्ली कैंट बोर्ड का प्रदर्शन बीते साल से कमजोर रहा है और इसका असर उसकी रैंकिंग पर पड़ा है। सर्वेक्षण की परीक्षा में 12500 अंक में से दिल्ली कैंट बोर्ड को महज 4496 अंक मिले हैं, जबकि बीते साल 5072 अंक मिले थे। बीते साल कैंट बोर्ड को डंप साइट के सुधार के लिए 100 फीसदी अंक मिले थे, जबकि इस बार शून्य अंक मिला है।



इन क्षेत्र में प्रदर्शन खराब

घरों से कूड़ा संग्रहण	49
कचरे का अलग करना	7
सापेक्ष निस्तारण	0
कूड़े के घरों में सुधार	0

इन क्षेत्र में प्रदर्शन अच्छा

निकाय क्षेत्र में सफाई	100
बाजारों में सफाई	100
जल निकायों की सफाई	100
शौचालयों की सफाई	83

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hindustan**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	49.27		

New Delhi area is the cleanest among less populated cities

उपलब्धि | **स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 50 हजार से तीन लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में एनडीएमसी पहले स्थान पर रही**

नई दिल्ली क्षेत्र कम आबादी वाले शहरों में सबसे साफ

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में कम आबादी वाले शहरों में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को सबसे स्वच्छ का पुरस्कार दिया गया।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी स्वच्छता रैंकिंग में पहली बार शुरू की गई 'सुपर स्वच्छ लीग' में शहरों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इस लीग की 50 हजार से तीन लाख की जनसंख्या की श्रेणी में एनडीएमसी को पहला, तिरुपति को दूसरा, अंबिकापुर को तीसरा स्थान मिला है।

अहमदाबाद ने बाजी मारी : अहमदाबाद देश का नया सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। इस श्रेणी में भोपाल दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर है। प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर, जबकि सिकंदराबाद छावनी सर्वश्रेष्ठ छावनी बोर्ड का पुरस्कार दिया गया। महाकुंभ (66 करोड़ लोगों ने भाग लिया था) के दौरान असाधारण शहरी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और प्रयागराज नगर निगम को विशेष सम्मान दिया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनडीएमसी को मिला सुपर स्वच्छ लीग सिटी का पुरस्कार दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद को दिया। • एजेंसी

इंदौर को पहला स्थान

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के विजेताओं को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार दिए। 'सुपर स्वच्छ लीग' की पांच श्रेणियों वाले 23 शहरों में इंदौर को दस लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले शहरों में पहला स्थान मिला। इस श्रेणी में सूरत को दूसरा, नवी मुंबई और विजयवाड़ा को तीसरा स्थान मिला है। तीन से दस लाख की जनसंख्या की श्रेणी में नोएडा को पहला, चंडीगढ़ को दूसरा मिला।

गुरुग्राम की लंबी छलांग

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में गुरुग्राम गत वर्ष की 140वीं रैंक में सुधार करते हुए इस बार 41वें पायदान पर पहुंच गया। फरीदाबाद को दस लाख तक की आबादी वाल 44 शहरों में 34वां स्थान मिला।

14 करोड़ ने भाग लिया

मंत्रालय के अनुसार 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता ऐप, मायजीओवी व सोशल मीडिया जरिए 14 करोड़ लोगों ने सर्वे में भाग लिया। 3,000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों में देश के हर वार्ड में गहन निरीक्षण किया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Jansatta**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	70.19		

Ahmedabad is the cleanest city, followed by Bhopal and Lucknow

इंदौर 'सुपर स्वच्छ लीग' में पहुंचा | **सर्वेक्षण** | नोएडा, चंडीगढ़ और मैसुरु की भी वाहवाही

अहमदाबाद सबसे स्वच्छ शहर, फिर भोपाल और लखनऊ का नंबर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 जुलाई।

केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए स्वच्छ शहर श्रेणी में अहमदाबाद ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि भोपाल और लखनऊ उसके बाद के दो स्थानों पर हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। 'सुपर स्वच्छ लीग' पुरस्कार श्रेणी के तहत इंदौर सबसे स्वच्छ शहरों में लगातार आठवीं बार शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि सूरत और नवी मुंबई क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं।

वार्षिक सर्वेक्षण में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता एप, मायजीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया। इस वर्ष चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए। सुपर स्वच्छ लीग शहर, पांच जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहर विशेष श्रेणीः गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ और राज्य स्तरीय पुरस्कार किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का स्वच्छ शहर। नई श्रेणी 'सुपर स्वच्छ लीग' के अंतर्गत, तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाली श्रेणी में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा, जिसके बाद चंडीगढ़ और मैसुरु का स्थान है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।'

सुपर स्वच्छ लीग' शहर पुरस्कार श्रेणी के बारे में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इंदौर, सूरत और नवी मुंबई पिछले कुछ वर्षों में सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शीर्ष पर रहे हैं और स्वच्छता के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं। नए शहरों को स्वच्छता की ओर बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छ शहर' श्रेणी भी शुरू की गई है। अहमदाबाद पहले स्थान पर है, उसके बाद भोपाल और लखनऊ का स्थान है। मंत्रालय ने बताया कि 3,000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों में देश भर के हर वार्ड में गहन निरीक्षण किया। इस वर्ष, पुरस्कार न केवल शीर्ष स्वच्छ शहर के लिए है, बल्कि प्रगति प्रदर्शित करने वाले छोटे शहरों को भी मान्यता देते हैं और प्रोत्साहित करते हैं।

सरकार के मुताबिक, 'स्वच्छ सर्वेक्षण' मिशन का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इससे समाज के सभी वर्गों के बीच कस्बों और शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण ने स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सेवा वितरण का मूल्यांकन किया। इसमें 10 मापदंडों और 54 संकेतकों का इस्तेमाल करते हुए 4,500 से अधिक शहरों को कवर किया गया।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता एप, मायजीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया।

इसमें स्वच्छता,अपशिष्ट प्रबंधन, सेवा वितरण का मूल्यांकन किया किया। दस मापदंडों व 54 संकेतकों का इस्तेमाल करते हुए 4,500 से अधिक शहरों को कवर किया गया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Punjab Kesri**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	7
CCM	91.44		

NDMC gets 'Super Clean League City' award, President Murmu honoured it

सम्मान एनडीएमसी को शहरी स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और हरित पहलों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया

एनडीएमसी को 'सुपर स्वच्छ लीग शहर' अवार्ड, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25' में 'सुपर स्वच्छ लीग शहर" अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदान किया गया। एनडीएमसी की ओर से यह पुरस्कार दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने संयुक्त रूप से लिया।

यह पुरस्कार एनडीएमसी को शहरी स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और हरित पहलों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 50,000 से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदान किया गया है। एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान एनडीएमसी की टीम द्वारा स्वच्छता, सेवा मानकों और नागरिक उत्कृष्टता में उच्च आदर्श स्थापित करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मैं विशेष रूप से हमारे सफाई कर्मचारियों को बधाई देता हूं, जिनकी कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि संभव हो सकी। वहीं, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने नई दिल्ली के नागरिकों और आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समुदाय की भागीदारी ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनडीएमसी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय अपने नेतृत्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और परिषद के सदस्यों के साथ-साथ स्वच्छता एवं बागवानी कर्मचारियों, नागरिकों की सक्रिय सहभागिता को दिया है।



कम करें, पुनर्चक्रण करें और पुन: उपयोग करें की थीम पर हुआ सर्वेक्षण

इस बार का सर्वेक्षण 'कम करें, पुनर्चक्रण करें और पुन: उपयोग करें" की थीम पर आधारित रहा, जिसमें ठोस कचरा प्रबंधन और सतत स्वच्छता प्रणालियों पर विशेष जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार, इंदौर, सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा जैसे शहर मिलियन-प्लस श्रेणी में 'सुपर स्वच्छ लीग" में शीर्ष पर रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का उद्देश्य स्वच्छता की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और शहरी स्थानीय निकायों की नागरिक सहभागिता, अपशिष्ट प्रबंधन, सेवा वितरण और क्षमता निर्माण जैसे मापदंडों पर रैंकिंग करना था। इस प्रक्रिया में लगभग 14 करोड़ नागरिकों की भागीदारी दर्ज की गई, जो माईगव प्लेटफॉर्म, स्वच्छता ऐप और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न माध्यमों से हुई। एमसीडी की इस छलांग को राजधानी दिल्ली में स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता और निगम की योजनाबद्ध कार्यप्रणाली का प्रमाण माना जा रहा है।

यह सम्मान एनडीएमसी की टीम द्वारा स्वच्छता, सेवा मानकों और नागरिक उत्कृष्टता में उच्च आदर्श स्थापित करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मैं विशेष रूप से हमारे सफाई कर्मचारियों को बधाई देता हूं...

-एनडीएमसी चेयरमैन केशव चंद्रा



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में एमसीडी की ऊंची छलांग, 31वें स्थान पर पहुंची दिल्ली

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 59 स्थानों की छलांग लगाई है। इस बार 'मध्यम शहरों" की श्रेणी में एमसीडी 31वें स्थान पर रही, जबकि पिछले वर्ष इसका स्थान 90वां था। यह रैंकिंग स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत दुनिया के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण के आधार पर दी गई है। इस वर्ष के सर्वेक्षण में 4,589 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) ने भाग लिया, जो 2016 में सर्वे की शुरुआत के समय मात्र 73 थे। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सर्वेक्षण में पहली बार शहरों को पांच आबादी आधारित श्रेणियों में बांटा गया। इसमें बहुत छोटे शहर (20,000 से कम), छोटे शहर (20,000-50,000), मध्यम शहर (50,000-3 लाख), बड़े शहर (3-10 लाख) और मिलियन-प्लस शहर (10 लाख से अधिक आबादी)।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Punjab Kesri**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	2
CCM	33.33		

President awarded Haryana in National Cleanliness Survey

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में हरियाणा को राष्ट्रपति ने किया पुरस्कृत



नई दिल्ली,(पंजाब केसरी): स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में हरियाणा राज्य के दो शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने जहां करनाल को स्वच्छ शहर पुरस्कार प्रदान किया तो वहीं सोनीपत को स्वच्छता का मिनिस्टीरियल स्टार अवॉर्ड मिला है। हरियाणा सरकार की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए इस पुरस्कार को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल एवं करनाल की मेयर श्रीमती रेणु बाला गुप्ता और सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे। इस अवार्ड कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने हरियाणा सरकार की स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की बात दोहराई और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आने वाले वक्त में इस दिशा में और भी अभूतपूर्व कार्य किए जाएंगे।

करनाल को स्वच्छ शहर कैटेगरी में तीसरा स्थान

स्वच्छता सर्वेक्षण के 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में करनाल को तीसरे स्थान पर रखा गया है। यह उपलब्धि प्रदेश में स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता और सतत प्रयासों का प्रमाण है। कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि हरियाणा की स्वच्छता क्रांति का आरंभ है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Punjab Kesri**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	5
CCM	17.43		

Cleanliness drive launched

सफाई अभियान की शुरुआत की



पश्चिमी दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली नगर निगम में सदन के नेता और रोहिणी से निगम पार्षद प्रवेश वाही ने गुरुवार को श्रद्धा और सेवाभाव से क्षेत्र में सफाई अभियान की शुरुआत की। वाही ने भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद शेरावत के साथ मिलकर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-13 के जनवासा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी पहुंचे। इस आयोजन में निगम पार्षद रितु गोयल, स्मिता कौशिक, राजपाल राणा, विनोद महेंद्रु के साथ-साथ क्षेत्र की कई आरडब्ल्यूए और मंदिरों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Navbharat Times**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	7
CCM	24.12		

NDMC receives Super Clean League City Award

NDMC को सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड मिला

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण- 2024-25 पुरस्कार समारोह में NDMC को सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, NDMC अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। NDMC को यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और आवास व शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिया। NDMC को यह पुरस्कार 50 हजार से 3 लाख आवादी वाले शहरों की श्रेणी में मिला है। इस दौरान NDMC अध्यक्ष केशव चंद्रा और उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि यह पुरस्कार स्वच्छता, सेवा मानकों और नागरीक उत्कृष्टता में बेहतर स्टैंडर्ड स्थापित करने के लिए NDMC को मिला है। इस पुरस्कार के लिए NDMC के सफाई कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।



राष्ट्रपति ने नवाज़ा

- **NDMC** को यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और आवास व शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिया
- **NDMC** को यह पुरस्कार 50 हजार से 3 लाख आवादी वाले शहरों की श्रेणी में मिला है

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Navbharat Times**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	30.78		

Indore tops in cleanliness. MCD's ranking improves

स्वच्छता में टॉप पर इंदौर, MCD की रैंकिंग सुधरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजे आ गए हैं। 'सुपर स्वच्छ लीग सिटीज' कैटिगरी में इंदौर टॉप पर है, जबकि सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया। चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार दिए गए। नए शहरों को बढ़ावा देने के लिए 'स्वच्छ शहर' कैटिगरी भी शुरू की गई, जिसमें अहमदाबाद शीर्ष पर है और उसके बाद भोपाल और लखनऊ का नाम है।

■ 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अहमदाबाद पहले स्थान पर है।
■ प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर का पुरस्कार।



AI Image

दिल्ली नगर निगम (MCD) ने 'मध्यम शहरों' की कैटिगरी में 31 वां स्थान हासिल किया है। पिछले साल एमसीडी 90वें पायदान पर थी। वहीं, सुपर स्वच्छ लीग सिटीज पुरस्कार की 50000 से 3 लाख वाली कैटिगरी में नई दिल्ली म्यूनिसिपल काउंसिल (NDMC) शीर्ष पर है।

NCR के शहरों में नोएडा चकाचक

तीन से दस लाख आबादी वाले शहरों की कैटिगरी में नोएडा को गोल्डन सिटी अवॉर्ड मिला है। नोएडा के बाद चंडीगढ़, मैसूर और उज्जैन हैं। इस कैटिगरी में गुड़गांव की 41वीं रैंक है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में गाजियाबाद की 11वीं रैंक है, जो पिछली बार 38 थी। स्टेट लेवल पर गाजियाबाद पहले से तीसरे नंबर पर आ गया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Rajasthan Patrika**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1, 10
CCM	79.00		

Indore tops cleanliness list for 8th consecutive time

सफाई के चैंपियन : चार श्रेणियों में मिले 78 पुरस्कार

स्वच्छता में इंदौर लगातार 8वीं बार टॉप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

23 सुपर स्वच्छ लीग शहर **डूंगरपुर को चौथा स्थान**

नई दिल्ली. इंदौर को लगातार आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। दस लाख से अधिक आबादी वाले 'सुपर स्वच्छ लीग शहरों' में इस बार इंदौर को पहला स्थान मिला सूरत दूसरे स्थान पर रहा। दस लाख से अधिक आबादी वाले 'स्वच्छ शहर' में पहले स्थान पर अहमदाबाद, दूसरे स्थान पर भोपाल और तीसरे स्थान पर लखनऊ रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2024-25 में 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों व 15 स्वच्छ शहरों के प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया। **शेष @ पेज10**

- सुपर स्वच्छ लीग शहरों में दस लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में **पहला पुरस्कार इंदौर, दूसरा सूरत, तीसरा नवी मुंबई और चौथा विजयवाड़ा** को दिया गया।
- तीन से दस लाख जनसंख्या वाले सुपर स्वच्छ लीग शहरों में **पहले स्थान पर नोएडा, दूसरे पर चंडीगढ़ तीसरे पर मैसूरु,** चौथे पर उज्जैन पांचवें पर गांधीनगर और छठे स्थान पर गुंटूर रहा।
- पचास हजार से तीन लाख वाले सुपर स्वच्छ लीग शहरों में **दिल्ली की नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) को पहला पुरस्कार मिला।** दूसरे स्थान पर तिरुपति तीसरे स्थान पर अंबिकापुर जबकि चौथे स्थान पर लोनावला रहा।
- हजार से पचास हजार वाले शहरों में **पहला स्थान वीटा, दूसरे पर सास्वद तीसरे पर देवलाली प्रवारा** और चौथे स्थान पर डूंगरपुर रहा।
- बीस हजार से कम जनसंख्या वाले **सुपर स्वच्छ लीग शहरों पंचगनी पहले स्थान पर रहा** जबकि पाटन दूसरे, पन्हला तीसरे और बिश्रामपुर चौथे स्थान पर रहा।

Downloaded from
SAMVAD

स्वच्छता में...

इस साल चार अलग-अलग श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें सुपर स्वच्छ लीग (एसएसएल) शहर, पांच अलग-अलग जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहर, विशेष श्रेणियां जैसे गंगा टाउन, कैंटोनमेंट बोर्ड, सफाईमित्र सुरक्षा और महाकुंभ, तथा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के उभरते स्वच्छ शहरों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण की खास बातें:-

■ स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत 2016 में केवल 73 शहरी स्थानीय निकायों के साथ हुई थी। अब ये सर्वेक्षण 4,500 से अधिक शहरों को कवर कर चुका है। 3,000 से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों तक देश के हर वार्ड में निरीक्षण किया है।

■ मंत्रालय के अनुसार, इस साल के सर्वेक्षण की खासियत इसकी समावेशिता और व्यापकता रही। 11 लाख से अधिक परिवारों का सर्वेक्षण किया गया और 14 करोड़ नागरिकों ने आमने-सामने बातचीत, स्वच्छता ऐप, माई जीओवी, और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से रिकॉर्ड भागीदारी तक पहुंच गई।

■ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 ने 10 मापदंडों और 54 संकेतकों पर आधारित एक संरचित, तकनीक-संचालित कार्यप्रणाली अपनाई है, जो शहरी भारत में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की व्यापक जानकारी देती है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इस साल की विशेषता सुपर स्वच्छ लीग की शुरुआत है, जो स्वच्छता में लगातार उत्कृष्टता का प्रदर्शन दिखाने वाले शहरों को मान्यता देती है।

■ सुपर स्वच्छ लीग में उन शहरों को शामिल किया गया है जो पिछले तीन सालों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे और इस साल अपनी जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 प्रतिशत में हैं। इस लीग का उद्देश्य निरंतरता को पुरस्कृत करना और अन्य शहरों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

15 सबसे स्वच्छ शहर:

अहमदाबाद, मीरा भयंदर और बिलासपुर टॉप

पंद्रह सबसे स्वच्छ शहरों को पुरस्कृत किया गया है। जिनमें दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अहमदाबाद को पहला भोपाल को दूसरा और लखनऊ को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

■ तीन से दस लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में मीरा भयंदर को पहला बिलासपुर को दूसरा जबकि जमशेदपुर को तीसरा स्थान मिला है।

■ पचास हजार से तीन लाख की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में देवास पहले स्थान पर रहा। वहीं करहाड़ को दूसरा जबकि करनाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

■ बीस से पचास हजार की जनसंख्या वाले शहरों में पणजी को पहला अस्का को दूसरा जबकि कुम्हारी को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

■ बीस हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में बिल्हा प्रथम जबकि चिकिटी और शाहगंज क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Rashtriya Sahara**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	3
CCM	83.46		

NDMC gets Super Swachh League City Award for cleanliness

साफ-सफाई के लिए एनडीएमसी को सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवार्ड

नई दिल्ली (एसएनबी)। साफ-सफाई को लेकर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को इस बार सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में दिया। परिषद की तरफ से यह अवार्ड दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद, अध्यक्ष केवश चंद्रा एवं उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सामूहिक रूप से

■ राष्ट्रपति से एनडीएमसी अध्यक्ष के साथ मंत्री ने ग्रहण किया अवार्ड

ग्रहण किया। दरअसल यह अवार्ड 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों को विश्व स्तरीय स्वच्छता, अपबिष्ट प्रबंधन एवं हरित अभियान चलाने के लिए दिया जाता है।

अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि यह अवार्ड परिषद प्रबंधन के दूरदर्शी नेतृत्व, स्वच्छता सेवकों, स्वच्छता और बागवानी टीमों, इंजीनियर्स विंग, पीएमयू विशेषज्ञनों,योजनाकारों के अथक समर्पण और क्षेत्र के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से संभव हुआ है। अध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए कहा है कि यह पुरस्कार, सेवा मानकों और नागरिक उत्कृष्टता में मानक स्थापित करने के लिए परिषद के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने अपने कर्मचारिया, विशेषकर सफाई सेवकों को बधाई देते हुए कहा है कि उनकी अथक मेहनत से हमें यह राष्ट्रीय सम्मान मिला है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि आइए, हम एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ नई दिल्ली के लिए प्रयास करें। यह अवार्ड हमें सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने, अपशिष्ट प्रबंधन और हरित पहल प्रदान करने में इसकी अटूट प्रतिबद्धता, नवाचार और नेतृत्व को मान्यता देता है।

उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सफाई व्यवस्था में सहयोग देने के लिए स्थानीय निवासियों और आगंतुकों का हार्दिक आभार जताते हुए इस बात पर जोर दिया कि इस सम्मान को प्राप्त करने में समुदाय की सहयोगात्मक भावना महत्वपूर्ण रही है। एनडीएमसी एक स्वच्छ, हरित और स्वच्छ



विज्ञान भवन में बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद को 'सुपर सवच्छ लीग' अवार्ड से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। *फोटो : एसएनबी*

नई दिल्ली के अपने दृष्टिकोण की प्राप्ति के लिए स्वच्छता को बनाए रखने और बढ़ाने, हरित अवारण में सुधार लाने और अत्याधुनिक स्वच्छता तकनीक को अपनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

प्रमुख छोटे शहरों की श्रेणी में शामिल एनडीएमसी : एनडीएमसी बीते कुछ सालों से एक लाख की आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान पा रहा था, जबकि बीते साल एनडीएमसी में देश में सातवां स्थान था। इस बार एनडीएमसी बाकी छोटे शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। केंद्र सरकार ने पहली बार यह नया अवार्ड घोषित किया है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Rashtriya Sahara**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	5
CCM	45.88		

Noida declared the cleanest city in the country

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2025

नोएडा देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित

नोएडा (एसएनबी)। केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 3 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में नोएडा को देश का पहला सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। साथ ही नोएडा को सुपर स्वच्छ लीग के अंतर्गत 'गोल्डन सिटी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पहला अवसर है जब नोएडा को राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा, नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री और अन्य अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह सम्मान नोएडा प्राधिकरण को प्रदान किया। नोएडा को यह पुरस्कार डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गांवों में सफाई व्यवस्था में सुधार, तकनीकी प्रयोग और जनभागीदारी जैसे मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया है। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में नोएडा को कुल 12,500 अंकों में से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए। मंत्रालय की टीम ने नोएडा में औचक निरीक्षण भी किया था। इस मौके पर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम ने कहा, यह सम्मान हमारी टीम की मेहनत और जनता के सहयोग का नतीजा है। हमने गांव और शहर दोनों क्षेत्रों में सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाई, तकनीक का इस्तेमाल किया और लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ा। आने वाले वर्षों में हम इस रैंकिंग को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।



राष्ट्रपति से प्राप्त 'गोल्डन सिटी अवॉर्ड' दिखाते सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री व प्राधिकरण के अन्य अधिकारी। *फोटो : एसएनबी*

■ राष्ट्रपति ने 'गोल्डन सिटी अवार्ड' से किया सम्मानित

गौरतलब है कि नोएडा को इससे पहले भी वर्ष 2021, 2022 और 2023 में स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है। इस बार नोएडा ने अपनी श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि चंडीगढ दूसरे स्थान पर रहा। स्वच्छता सर्वेक्षण में शहरों को उनकी जनसंख्या के अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है, जिनमें स्मॉल सिटी, वेरी स्मॉल सिटी, मीडियम सिटी, बिग सिटी और मिलियन प्लस सिटी शामिल हैं। नोएडा मीडियम सिटी की श्रेणी में आता है, जिसकी आबादी 3 लाख से 10 लाख के बीच है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hari Bhoomi**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	5
CCM	70.71		

Capital Lucknow takes a big leap in Swachh Survey, moves from 44th to 3rd position, President Draupadi Murmu honours it

सीएम योगी आदित्यनाथ बोले प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई

स्वच्छ सर्वेक्षण में राजधानी लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित

स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ ने लंबी छलांग मारी है। 44वें पायदान से उठकर सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अपर नगर आयुक्त ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रदेश के पांच शहरों- लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा और गौतमबुद्ध नगर को स्थान मिला है। लखनऊ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 44वें स्थान से तीसरे स्थान पर जगह बनाई है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने साफ सुथरे शहरों में ऊंची छलांग लगाते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ तीन शहरों में स्थान प्राप्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में इन शहरों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल और पूर्व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आई तीसरी रैंक का पुरस्कार लिया।

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम लखनऊ की रैंकिंग में सुधार हुआ है। नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला है। यह रैंकिंग भी नगर निगम को तब मिली है, जब अभी तक अन्य शहरों को पीछे करने वाले शहरों की श्रेणी को अलग कर दिया गया है। नगर निगम 2023 में देश में 44 वें नंबर पर था। अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नगर निगम को उन शहरों की प्रतिस्पर्धा में शामिल होना होगा, जो अभी तक ऊपर के पायदान पर खड़े रहते थे और इस बार भी उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था।



कूड़े का पहाड़ भी खराब करता था रैंकिंग

दरअसल नगर निगम हर बार कूड़े के कुप्रबंधन के कारण स्वच्छ सर्वेक्षण की दौड़ में पीछे हो जाता था और जब सर्वेक्षण टीम मोहान शिवरी प्लांट पहुंचती थी तो उसे दूर तक कूड़े का पहाड़ ही नजर आता था और नगर निगम की रैंकिंग खराब हो जाती थी। लिहाजा कूड़े के पहाड़ को खत्म करने की योजना बनाई गई और एक टीम की तरह काम किया। शासन से बजट लाने में महापौर सुषमा खर्कवाल और तत्कालीन नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। दोनों की कड़ी मेहनत ने शिवरी प्लांट की तस्वीर बदल दी। नगर निगम ने कूड़ा प्रबंधन से बड़े क्षेत्रफल में जमीन को खाली कराया, जहां आज अटल स्मृति उपवन बनाया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ की रैंकिंग 2017 में 269, 2018 में 115, 2019 में 121, 2020 में 12, 2021 में 12, 2022 में 17 और 2023 में 44 थी। 2024 में तीसरी रैंक मिली है।

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Hari Bhoomi**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	4
CCM	44.96		

Ghaziabad became Water Plus Plus in Swachhta Survey 2024-25, Municipal Commissioner congratulated the team

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में गाजियाबाद बना वाटर प्लस प्लस, नगर आयुक्त ने टीम को दी बधाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद 38 वें नंबर से 11 पर राष्ट्रीय रैंक में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों में गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद को फाइव स्टार घोषित किया गया। साथ ही ओडीएफ प्लस प्लस से गाजियाबाद वाटर प्लस प्लस बना। राष्ट्रीय रैंक में भी उछाल आया है 38 रैंक से भारत 11 नंबर का मुकाम हासिल कर चुका है

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि गाजियाबाद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। जिसमें फील्ड सर्वे के आधार पर परिणाम की घोषणा की गई जिसका कार्यक्रम दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित हुआ, भारत की राष्ट्रपति महोदया की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम की घोषणा हुई स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम मौके पर उपस्थिति रही। उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में शामिल है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद ने फिर बाजी मारी है। राष्ट्रीय रैंक बढ़ोतरी हुई है । भारत में गाजियाबाद का 11वां स्थान है, जो की 38 रैंक पर था । इसी प्रकार टॉप फाइव में भी गाजियाबाद शामिल रहा। सार्वजनिक साफ-सफाई, आवासीय अनवासीय भवन की साफ-सफाई, तालाबों की साफ सफाई, लेगेसी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही मे गाजियाबाद को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए। सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव साफ-सफाई में 97 अंक प्राप्त हुए डोर टू डोर पूरा कलेक्शन में गाजियाबाद को 98 अंक प्राप्त हुए कूड़ा उत्सर्जन के सापेक्ष निस्तारण की कार्यवाही में 91 अंक प्राप्त हुए, शहर वासियों द्वारा कचरा पृथक्करण अपनाते हुए गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग करने की प्रक्रिया में भी 57 अंक प्राप्त हुए। गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद को हासिल फाइव स्टार पर महापौर ने श्री स्टार था अब फाइव स्टार बन चुका है। जिसमें शहर वासियों की अहम भूमिका रही है। 455 कूड़ा स्थल ऐसे थे जिनको विलुप्त किया गया तथा वहां पर सौंदर्य करण की कार्यवाही की गई जिस पर सर्वे के आधार पर सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं, सीवर का सत प्रतिशत जल ट्रीटमेंट करने पर वाटर प्लस प्लस प्राप्त हुआ है जो की सराहनीय है, उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में गाजियाबाद शामिल है और अधिक मेहनत शहर हित में शहर वासी तथा निगम अधिकारी मिलकर करेंगे आगे अच्छे परिणाम मिलेंगे उत्साहवर्धन किया गया।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Hari Bhoomi**	**Language**	Hindi
Edition	New Delhi	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	1, 5
CCM	61.59		

Noida and Delhi-NCR also got award in the Super Clean League list of top 23 cities of the country

इंदौर लगातार 8वीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष पर रहा

देश के टॉप-23 शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सूची में नोएडा, दिल्ली-एनसीआर को भी अवार्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार हर साल वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण करती है और स्वच्छ शहरों को सम्मान देती है। इस बार भी इंदौर लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहरों में शीर्ष पर रहा है। तो वहीं इन सबके बीच 3-10 लाख जनसंख्या वर्ग में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा है। नोएडा को गोल्डन सिटी अवार्ड मिला है। नोएडा को गोल्डन सिटी श्रेणी में रखा गया। जहां राष्ट्रपति से नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ प्राधिकरण के सीईओ, एसीईओ को अवॉर्ड मिला है। पहली बार नोएडा शहर को राष्ट्रपति से सम्मान मिला है। सुपर स्वच्छ लीग (गोल्डन सिटी) ▸▸ शेष पेज 5 पर



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में हरियाणा के दो शहरों सोनीपत और करनाल को राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कार से सम्मानित करते हुए। साथ में हैं केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ।

दिल्ली को भी मिला अवॉर्ड

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वस्थ सर्वेक्षण का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से स्वच्छ सर्वेक्षण एनडीएमसी का अवार्ड दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने लिया है। अवॉर्ड लेते हुए एनडीएमसी की तरफ से वीडियो जारी कर जानकारी दी गई। क्लीनेस्ट स्मॉल सिटी का अवॉर्ड मिला है।

गुरुग्राम को मिला स्वच्छ शहर का 41वां स्थान

वहीं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में नगर निगम गुरुग्राम ने सुधार किया है। राष्ट्रीय स्तर पर41वां स्थान मिला है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष सुधार की तरफ गुरुग्राम ने कदम बढ़ाए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023-24 में गुरुग्राम को 140वां स्थान मिला था। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिकों के सहयोग व योगदान से टॉप 10 शहरों में आने का लक्ष्य है। इसके लिए पूरी तैयारी करने की बात शुरु हो गई है।

Downloaded from
SAMVAD

देश के टॉप-23 शहरों...

3-10 लाख आबादी वाले शहर में नोएडा को जगह मिली है।

स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में फरीदाबाद का भी नाम

: स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में फरीदाबाद ने देशभर में 21वीं रैंक हासिल की है। पिछले साल 47वीं रैंक थी, जिसे सुधारते हुए इस बार 26 पायदान ऊपर आया है। हालांकि गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) रैंकिंग में फरीदाबाद को जीरो स्टार मिला है, जो कि शहर के कूड़ा प्रबंधन की सबसे बड़ी कमी है। एनसीआर में फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा के बाद तीसरे स्थान पर रहा। निगम का दावा है कि सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है, लेकिन जीएफसी में बेहतर प्रदर्शन के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर और काम करना जरूरी है।

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Eenadu**	**Language**	Telugu
Edition	Hyderabad	**Journalist**	Bureau
Date	18/07/2025	**Page no**	2
CCM	76.55		

Two Swachh awards for Telangana

తెలంగాణకు రెండు స్వచ్ఛ అవార్డులు

ఈనాడు, దిల్లీ: కేంద్ర పట్టణాభివృద్ధి శాఖ నిర్వహించిన స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ 2024-25లో భాగంగా తెలంగాణ రెండు అవార్డులను కైవసం చేసుకుంది. స్పెషల్ కేటగిరీలో పరిశుభ్రమైన కంటోన్మెంట్‌గా సికింద్రాబాద్ తొలి స్థానాన్ని దక్కించుకుంది. ప్రామిసింగ్ స్వచ్ఛ శహర్ ఆఫ్ స్టేట్ విభాగంలో గ్రేటర్ హైదరాబాద్ అవార్డు సొంతం చేసుకుంది. గురువారం దిల్లీలోని విజ్ఞాన్‌భవన్‌లో రాష్ట్రపతి ద్రౌపదీ ముర్ము ఆధ్వర్యంలో జరిగిన కార్యక్రమంలో కేంద్ర పట్టణాభివృద్ధిశాఖ మంత్రి మనోహర్‌లాల్ ఖట్టర్ నుంచి అవార్డులను రెండు మున్సిపల్ కార్పొరేషన్లకు సంబంధించిన అధికారులు స్వీకరించారు. ఇందులో జీహెచ్‌ఎంసీకి చెందిన శానిటేషన్ ఏసీ రఘుప్రసాద్, ఘన వ్యర్థాల నిర్వహణ విభాగానికి చెందిన ఎస్ఈ కోటేశ్వరరావు, ఈఈ శ్రీనివాసరెడ్డి, ఏఎస్‌బీఎం యశశ్రీ, శానిటేషన్ సూపర్‌వైజర్ సుదర్శన్, కార్యదర్శి ఊర్మిళ ఉన్నారు. ఈ స్వచ్ఛ సర్వేలో జాతీయస్థాయిలో మధ్యప్రదేశ్‌కు చెందిన ఇందౌర్ వరుసగా ఎనిమిదోసారి పరిశుభ్ర నగరంగా



కేంద్ర పట్టణాభివృద్ధి శాఖ మంత్రి మనోహర్‌లాల్ ఖట్టర్ నుంచి అవార్డు అందుకున్న జీహెచ్‌ఎంసీ అధికారులు

అవార్డు సొంతం చేసుకొంది. తర్వాతి వరుసలో సూరత్, నవీ ముంబయి, విజయవాడలు నిలిచాయి. దేశవ్యాప్తంగా నిర్వహించిన సర్వేలో 14 కోట్ల మంది ప్రజలు పాల్గొన్నట్లు ఆ శాఖ తెలిపింది. ఇందులో వచ్చిన ఫలితాలను అనుసరించి మొత్తం 4 కేటగిరీల్లో 78 అవార్డులు ప్రకటించింది.

ఏపీకి ఐదు పురస్కారాలు

కేంద్ర పట్టణాభివృద్ధి శాఖ నిర్వహించిన స్వచ్ఛ సర్వేక్షణ్ 2024-25 పోటీలో ఏపీ ఐదు అవార్డులు కైవసం చేసుకుంది. 10 లక్షల జనాభా పైపడిన నగరాల సూపర్ స్వచ్ఛ లీగ్ కేటగిరీలో విజయవాడ, 3-10 లక్షల జనాభా కేటగిరీలో గుంటూరు, మూడు లక్షల లోపు జనాభా విభాగంలో తిరుపతి పురస్కారాలు గెలుచుకున్నాయి. ప్రత్యేక కేటగిరీలో జీవీఎంసీ విశాఖపట్నం, ప్రామిసింగ్ స్వచ్ఛ సిటీ ఆఫ్ ది స్టేట్ కేటగిరీలో రాజమహేంద్రవరం మినిస్టీరియల్ అవార్డులను సొంతం చేసుకున్నాయి.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Tarun Bharat**	**Language**	Marathi
Edition	Goa	**Journalist**	
Date	18/07/2025	**Page no**	5
CCM	N/A		

Clean Survey Award given to Sankhli Municipality

सांखळी नगरपालिकेला स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान

प्रतिनिधी
सांखळी

केंद्रीय गृहनिर्माण नगर मंत्रालयातर्फे स्वच्छता सर्वेक्षणात गोवा राज्यात राज्य पातळीवर सांखळी नगरपालिकेने पटकावलेला स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार २०२४ – २५ सांखळी नगरपालिकेला दिल्ली येथील विज्ञान भवन येथे झालेल्या एका विशेष सोहळ्यात प्रदान करण्यात आला. केंद्रीय गृहनिर्माण व नगर मंत्रालयाचे मंत्री मनोहरलाल खट्टर यांच्या हस्ते नगरविकासमंत्री विश्वजित राणे, सांखळीच्या नगराध्यक्षा सिद्धी प्रभू यांनी सदर पुरस्कार स्वीकारला.

यावेळी मुख्याधिकारी श्रीपाद माजिक, उपनगराध्यक्ष आनंद काणेकर, नगरसेवक यशवंत माडकर, रियाझ खान, दीपा जल्मी, अंजना कामत, कनिष्ठ अभियंता सुभाष म्हाळशेकर, जयेश कळंगुटकर, पर्यवेक्षक नारायण परब, सफाई मित्र अशोक हंचमणी यांची उपस्थिती होती.



दिल्ली : पुरस्कारासह नगराध्यक्षा सिद्धी प्रभू, मुख्याधिकारी श्रीपाद माजिक, नगरसेविका अंजना कामत, निकीता नाईक, दीपा जल्मी, उपनगराध्यक्ष आनंद काणेकर, नगरसेवक दयानंद बोर्येकर, यशवंत माडकर, नारायण परब, सुभाष म्हाळशेकर, अशोक हंचमणी.

मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत यांच्या मार्गदर्शनाखाली सांखळी नगरपालिका योग्य दिशेने काम करीत आहे. या स्वच्छ सर्व्हेक्षण पुरस्कारात सांखळीतील सफाई कामगारांचे योगदान व लोकांचे सहकार्य महत्त्वाचे ठरले आहे. स्वच्छतेच्या बाबतीत सांखळी नगरपालिकेतर्फे राबविण्यात येणाऱ्या सर्व उपक्रमांमध्ये सांखळी नगरपालिका क्षेत्रातील लोकांनी सदैव नगरपालिकेला सहकार्य केले आहे. त्यामुळे सांखळी नगरपालिका क्षेत्र स्वच्छ व सुंदर ठेवण्यात यश मिळाले, असे नगराध्यक्षा सिद्धी प्रभू यांनी म्हटले.

सांखळी नगरपालिकेतर्फे लवकरच बायो मिथेशन प्लांट साकारण्यात येणार असल्याने कचऱ्यावरील प्रक्रिया व इतर गोष्टी सुलभ होणार आहे. टाकाऊ कपडे स्वीकारून त्याचा योग्य पुनर्वापर व्हावा या दृष्टीने सांखळी नगरपालिका कार्य करीतच आहे. त्यातच ई कचरा उचलण्यासाठी आमची मोहिम सुरुच असते. आता नगरपालिकेतर्फे सांखळी शहरातील सर्व मुख्य रस्त्यांवर अर्धा किलो मीटर अंतरावर पेंग्विन आकाराच्या केराच्या टोपल्या बसविल्या जाणार आहेत. त्यामुळे कचरा बाहेर न टाकता त्यात टाकण्याची सवय सर्वजण लावून घेणार, असे नगराध्यक्षा सिद्धी प्रभू यांनी सांगितले.

Downloaded from
SAMVAD

Publication	**Tarun Bharat**	**Language**	Marathi
Edition	Goa	**Journalist**	
Date	18/07/2025	**Page no**	1 & 6
CCM	N/A		

Panaji is the cleanest in the country, chain is remarkable The Minister received the award from President Draupadi Murmu for being the top achiever in the 'Swachh Survekshan 2024-2025'.

देशात पणजी सर्वांत स्वच्छ, सांखळी उल्लेखनीय

'स्वच्छ सर्वेक्षण २०२४-२०२५' सालात ठरले अव्वल : राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मू यांच्या हस्ते मंत्र्यांनी स्वीकारला पुरस्कार

प्रतिनिधी
पणजी

स्वच्छ भारत अभियानांर्गत दरवर्षी करण्यात येणाऱ्या 'स्वच्छ सर्वेक्षण २०२४-२०२५' या सालात राजधानी पणजी शहर देशातील सर्वांत स्वच्छ ठरले आहे. राज्यांमध्ये सांखळी पालिकेची स्वच्छतेच्या बाबतीत उल्लेखनीय कामगिरी ठरली आहे. राज्याला हे दोन्ही पुरस्कार प्राप्त झाल्याने राज्यासाठी ही अभिमानास्पद गोष्ट ठरली आहे.

५० हजार ते २ लाख पर्यंत लोकसंख्या असलेल्या महापालिकांमध्ये पणजी शहराने सर्वांत स्वच्छ शहर म्हणून बाजी मारली. राज्यांमध्ये सांखळी पालिकेचे स्वच्छतेच्याबाबतीत आदर्शवादी कार्य ठरले आहे. राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मू यांच्या हस्ते पणजी महापालिकेला पुरस्कार देण्यात आला, तर सांखळी शहराच्या उल्लेखनीय कामगिरीसाठी केंद्रीय नगरविकासमंत्री मनोहरलाल खट्टर यांनी पुरस्कार दिला. हे दोन्ही पुरस्कार राज्याचे नगरविकासमंत्री विश्वजित राणे यांनी स्वीकारले. यावेळी महापौर रोहित मोन्सेरात व सांखळी पालिकेच्या नगराध्यक्ष सिद्धी प्रभु व इतर पदाधिकारी उपस्थित होते.

कृपया पान ६ पहा





१) नवी दिल्ली : पणजी महापालिकेचा भारतातील सर्वांत स्वच्छ शहराचा पुरस्कार राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मू यांच्याकडून स्वीकारताना नगरविकासमंत्री विश्वजित राणे, महापौर रोहित मोन्सेरात. २) नवी दिल्ली : सांखळी पालिकेचा स्वच्छ शहर म्हणून राज्यस्तरीय पुरस्कार केंद्रीय नगरविकासमंत्री मनोहरलाल खट्टर यांच्याकडून स्वीकारताना नगराध्यक्ष सिद्धी प्रभु.

सांखळीचा राज्यस्तरीय गौरव कौतुकास्पद : मुख्यमंत्री

सांखळी पालिकेने शहराच्या स्वच्छतेसाठी उचललेली ठोस पावले, कचरा संकलनाची उत्तम व्यवस्था, कचरा वर्गीकरण, तसेच स्वच्छतेबाबत नागरिकांमध्ये जागृती करणे यासारखे उपक्रमांमुळे राज्यस्तरीय गौरवास सांखळी शहर पात्र ठरले. या यशाबद्दल मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत यांच्या खंबीर नेतृत्वाचे कौतुक करण्यात आले. 'स्वच्छ भारत अभियान' यशस्वीरित्या राबविल्याने सांखळी पालिकेने एक वेगळा आदर्श घालून दिला आहे.

Downloaded from
SAMVAD

देशात पणजी सर्वात स्वच्छ, साखळी उल्लेखनीय

▶▶पान १ वरुन

पुरस्कार स्वीकारल्यानंतर मंत्री राणे म्हणाले, गोव्यासाठी हा एक पुरस्कार नसून, स्वच्छ भारत अभियानांतर्गत हाती घेतलेल्या सातत्यपूर्ण प्रयत्नांची आणि परिवर्तनकारी उपक्रमांची पावती आहे. घरोघरी कचरा संकलनापासून ते कचरामुक्त शहर प्रमाणपत्र मिळवण्यापर्यंत आणि कचऱ्यावर वैज्ञानिक प्रक्रिया सुनिश्चित करण्यापर्यंत, पणजीने शहरी स्वच्छतेमध्ये एक आदर्श स्थापित केला आहे. हा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करणे हा गोव्यासाठी अभिमानाचा क्षण आहे. 'स्वच्छ, सुंदर हरीत गोवा' हे गोवा सरकारच्या वचनबद्धतेचे प्रतिबिंब आहे, असेही ते म्हणाले. गोव्यातील लोकांचे, आमच्या स्वच्छता पथकांचे आणि सर्व भागधारकांच्या योगदानामुळेच राजधानी पणजी तसेच साखळी शहराला पुरस्कार प्राप्त झाल्याचेही ते म्हणाले.

हा गौरव प्रत्येक गोमंतकीयांचा : रोहित मोन्सेरात

पणजी महानगरपालिकेमार्फत गेल्या काही वर्षांत स्वच्छतेच्याबाबतीत अनेक उपक्रम राबविण्यात आले. कचरा संकलन व्यवस्था, घनकचरा व्यवस्थापनात वैज्ञानिक प्रक्रिया, घन आणि ओला कचरा वेगवेगळा संकलन व प्रक्रिया, स्वच्छता दूत, स्वयंसंस्था व नागरिकांचा सक्रीय सहभाग यामुळे पणजी शहर दिवसेंदिवस स्वच्छ होत चालले आहे. सर्वांच्या सामूहिक जबाबदारी आणि जागृतीमुळे पणजी शहराने राष्ट्रीय स्तरावर वेगळी ओळख निर्माण केली आहे. पणजी महापालिका आणि साखळी पालिका यांचा गौरव म्हणजे प्रत्येक गोमंतकीयांचा हा गौरव आहे, अशा शब्दांत महापौर रोहित मोन्सेरात यांनी पुरस्कार मिळाल्यानंतर आपले मत व्यक्त केले.

Downloaded from SAMVAD

Publication	**Peoples Samachar**	**Language**	Hindi
Edition	Bhopal	**Journalist**	
Date	18/07/2025	**Page no**	1
CCM	N/A		

स्वच्छता सर्वेक्षण में मप्र के 4 इक्के

स्वच्छता सर्वेक्षण में मप्र के 4 इक्के

1. इंदौर देश में लगातार 8वीं बार पहले नंबर पर कायम
2. भोपाल देशभर की राजधानियों में है सबसे स्वच्छ
3. उज्जैन 3 से 10 लाख वाली श्रेणी में पहले स्थान पर
4. देवास 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों में अव्वल

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में हर बार की तरह इस बार भी मध्य प्रदेश के शहरों ने बाजी मारी। देश का सबसे साफ शहर इंदौर लगातार आठवीं बार टॉप पर रहा। उसने नई श्रेणी सुपर स्वच्छ लीग में पहला स्थान प्राप्त किया। सुपर लीग से इतर भोपाल ने 6 साल बाद दोबारा देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल किया। इस कैटेगरी में अहमदाबाद पहले नंबर पर रहा। साथ ही भोपाल को देश की सबसे स्वच्छ राजधानी का गौरव हासिल हुआ। इसी तरह 3 से 10 लाख आबादी के शहरों वाली श्रेणी में उज्जैन को पहला स्थान मिला, जबकि 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देवास देश में अव्वल रहा।

स्वच्छता सर्वेक्षण में सुपर स्वच्छ लीग पुरस्कार श्रेणी के तहत इंदौर शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि सूरत और नवी मुंबई दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इसके अलावा नई श्रेणी सुपर स्वच्छ लीग के तहत 3 से 10 लाख की आबादी वाली कैटेगरी में इस बार नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा, जिसके बाद चंडीगढ़ और मैसुरु हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह 2024-25 में 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों और 15 स्वच्छ शहरों के प्रतिनिधियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

सर्वे के तहत 3 हजार से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों में स्वच्छ सर्वे में शामिल शहरों के हर वार्ड में सर्वे किया।

स्वाद और सेहत का खजाना
SACHAMOTI©
सच्चामोती
साबुदाना/मोरधन
शिव ट्रेडिंग कंपनी, इंदौर (1972 से)
✆ 79998-37643



स्वच्छता सर्वे में भोपाल का दूसरा नंबर आने पर नगर निगम कार्यालय में ढोल बजाते निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी साथ हैं सफाईकर्मी।

मप्र के पिछले साल से ज्यादा शहरों को रेटिंग सर्टिफिकेट

- मध्य प्रदेश के 203 शहरों को स्टार रेटिंग प्रमाणीकरण मिला। इस बार पिछले साल के 157 शहरों से ज्यादा शहरों ने स्टार रेटिंग प्राप्त की।
- 7 स्टार रेटिंग में भोपाल, इंदौर और जबलपुर हैं।
- फाइव स्टार रेटिंग में देवास, रीवा और सतना हैं।
- थ्री स्टार रेटिंग में 36 शहर हैं।
- वन स्टार रेटिंग 161 शहरों को।
- देश में पांचवें स्थान पर जबलपुर।
- ग्वालियर का 14वां स्थान देश में।

इन कामों से मिली देश में टॉप रैंक

इंदौर
के नं. 1 रहने का मुख्य कारण घर-घर से कचरा कलेक्शन, कचरा सेग्रीगेशन रीसाइकल , रिड्यूस और रीयूज पर काम किया।

भोपाल
डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में, वेस्ट जनरेशन और प्रोसेसिंग में, रहवासी इलाकों में सफाई आदि में 100 प्रतिशत अंक।

देवास
रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल पर काम करके देश भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

उज्जैन
रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्र, शहर की वॉटर बॉडी की स्वच्छता व कचरा संग्रहण, पब्लिक टॉयलेट की स्वच्छता पर काम किया।

नेशनल रैंकिंग- 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहर

देवास	01	सिंगरौली	04
रीवा	05	सीहोर	06
खुरई	07	कटनी	08
पीथमपुर	09	सागर	10

नेशनल रैंकिंग- 20 से 50 हजार जनसंख्या के शहर

रहली	04	मनासा	06
खातेगांव	07	खजुराहो	14
आगर	15		

शहर • रैंक

इंदौर को सुपर स्वच्छ लीग सिटीज श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि पूरा मध्यप्रदेश अब स्वच्छता में देश का अग्रदूत बन चुका है।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मप्र

हम शहर को नंबर वन बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे थे। घरों से कचरा कलेक्शन हो या शहर की सड़कों को साफ करने का काम, हमारे साथियों ने पूरी ईमानदारी से काम किया। हमें खुशी है कि हमारी मेहनत रंग लाई थोड़ी सी मायूसी भी है कि थोड़े से नंबर और ज्यादा होते तो हम देश में नंबर बन जाते।

-रामरति कडोले, स्वच्छताकर्मी, भोपाल

ओडीएफ और वॉटर प्लस का मिला सर्टिफिकेट

- इस साल प्रदेश के सभी शहरों को ओडीएफ घोषित किया।
- 339 शहर ओडीएफ प्लस-प्लस घोषित हुए।
- 4 शहर ओडीएफ प्लस
- 15 शहर ओडीएफ
- 24 शहर इस साल वॉटर प्लस से प्रमाणित किए गए हैं। साल 2023 में इनकी संख्या मात्र 7 थी।



सफाई मित्र सुरक्षित शहरों में जबलपुर का दूसरा स्थान



स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर स्टेट अवार्ड ग्वालियर के नाम

15 स्वच्छ शहर जो सम्मानित किए गए

- सुपर लीग से अलग 15 सबसे स्वच्छ शहरों को पुरस्कृत किया गया है। इनमें 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अहमदाबाद पहला, भोपाल दूसरा और लखनऊ तीसरा रहा।
- इसी प्रकार 5 से 10 लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में मीरा भयंदर को पहला, बिलासपुर को दूसरा जबकि जमशेदपुर को तीसरा स्थान मिला है।
- 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में देवास पहले स्थान पर रहा। वहीं, करहाड़ को दूसरा जबकि करनाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।
- 20 से 50 हजार की जनसंख्या वाले शहरों में पणजी को पहला, अरुका को दूसरा, जबकि कुम्हारी को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।
- 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में बिल्हा प्रथम, चिकिटी और शाहगंज (मप्र) दूसरे और तीसरे रहे।
- कैंटोनमेंट बोर्ड में मऊ देश में तीसरे स्थान पर रहा।

इन श्रेणी में कुल 78 पुरस्कार

1. सुपर स्वच्छ लीग शहर
2. पांच जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहर
3. विशेष: गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा।
4. राज्य स्तरीय: किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का स्वच्छ शहर।
5. सुपर स्वच्छ लीग (3-10 लाख आबादी)

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता ऐप, माय्जीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया।

Downloaded from
SAMVAD

स्वच्छता सर्वेक्षण : 6 कैटेगरी में 100 % नंबर, देश की स्वच्छ राजधानी का टाइटल बरकरार

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, रहवासी-बाजार और तालाबों की सफाई में भोपाल 100% नंबरों से पास

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9300697983

स्वच्छता सर्वे 2024 में नंबर वन की उम्मीद के बीच भोपाल को नंबर-2 से संतोष करना पड़ा। इसकी वजह अहमदाबाद से महज 12 नंबरों से पिछड़ना रहा। हालांकि हर कैटेगरी में भोपाल ने बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन, डम्प साइट और सोर्स सेग्रीगेशन में पिछड़ गए। हालांकि छह साल बाद स्वच्छता सर्वेक्षण में अपनी खोई रैंकिंग वापस हासिल करते हुए देश में दूसरे सबसे साफ शहर का तमगा हासिल कर लिया। जबकि भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी का टाइटल बरकरार रखने में भी कामयाब रहा।

भोपाल ने गार्बेज फ्री सिटी कैटेगिरी में 7 स्टार रैंकिंग हासिल करने के साथ ही वॉटर प्लस का खिताब भी बरकरार रखा। राजधानी को यह खिताब 10 लाख आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में मिला है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन को पुरस्कार दिया।

इधर, इस कामयाबी पर भोपाल नगर निगम में जश्न का माहौल रहा। नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में स्वच्छता कर्मियों का मुंह मीठा करा उन पर फूल बरसाए गए। इधर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने माता मंदिर स्थित निगम मुख्यालय के सामने सफाई कर्मियों के साथ ढोल बजा खुशी का इजहार किया।



दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में महापौर व ननि आयुक्त को अवॉर्ड सौंपती राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु।

10,000 के एग्जाम में 9,567 अंक

नगर निगम के मुताबिक श्री आर, रिड्यूज, रियूज, रिसायकल थीम पर हुए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में भोपाल नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए तय 10 हजार अंकों में से 9 हजार 567 अंक मिले। सर्टिफिकेशन के लिए तय 2 हजार 500 अंकों में से पूरे 2 हजार 500 अंक प्राप्त किए। वहीं 12 हजार 500 अंकों में से भोपाल शहर ने 12 हजार 67 अंक अर्जित करते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में दूसरा और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

भोपाल का रिपोर्ट कार्ड

डंप साइट और सेग्रीगेशन में पिछड़ने से कम हो गए 12 अंक

100	प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन
100	प्रतिशत वेस्ट जनरेशन और प्रोग्रेसिंग
100	प्रतिशत रहवासी इलाकों में साफ-सफाई
100	प्रतिशत बाजार इलाके में साफ-सफाई
100	प्रतिशत तालाबों की साफ-सफाई
100	प्रतिशत पब्लिक टॉयलेट की साफ-सफाई
95	प्रतिशत डंप साइट में जीरो और सोर्स सेग्रीगेशन

नगर निगम ने गिनाईं अपनी उपलब्धियां

5 नए अल्ट्रा जीटीएस: लगभग 17 करोड़ 74 लाख की लागत से 5 नए अल्ट्रा मॉडर्न गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाए गए हैं। पहले मात्र 12 जीटीएस थे, जो अब 17 हो गए हैं।

125 नए सीएनजी वाहन: शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए 125 नए सीएनजी वाहन लगाए गए हैं। वर्तमान में पूरे कलेक्शन सिस्टम में 700 वाहन लगे हैं, जिसमें से 250 वाहन सीएनजी हैं।

मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन: शहर की सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए निगम ने 6 नई मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनें खरीदी हैं। इनकी लागत 3 करोड़ 90 लाख रुपए है। अब इसकी संख्या 10 हो गई है।

6 हुक लोडर : लगभग 4 करोड़ 10 लाख की लागत से 6 नए हुकलोडर वाहन खरीदे हैं। इनमें ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा लोड कर लैंडफिल साइट भेजा जा रहा है।

प्लास्टिक वेस्ट प्लांट: आदमपुर छावनी में 5 टन का प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया है। इसकी लागत 3 करोड़ 2 लाख है। प्लांट में लैंडफिल साइट से प्लास्टिक जमाकर शीट बोर्ड बन रहे है। वहीं रोजाना 5 टन प्लास्टिक गुजरात भेजी जा रही है।

सीएंडडी प्लांट: कोलार के थुआखेड़ा में 100 टन का सीएंडडी प्रोसेसिंग प्लांट लगाया है। इसकी लागत 3 करोड़ 8 लाख है। इसमें 24 हजार पेवर ब्लॉक और एक लाख ब्रिक्स हर महीने बनने का दावा किया जा रहा है।

भानपुर रेमेडी एट साइट : भानपुर डंप साइट को वैज्ञानिक तरीके से रेमेडी एट साइट किया है। लगभग 7 लाख 23 हजार मीट्रिक टन कचरे का उपचार किया गया। इस पर निगम ने 52 करोड़ खर्च किए और 16 एकड़ में ग्रीन एरिया विकसित किया है।

फूलों से बनाए उत्पाद: दानापानी जीटीसी में फूलों से अगरबत्ती बनाने का प्लांट लगाया है। इसकी क्षमता 2 टन प्रतिदिन है।

थर्माकोल प्लांट: दानापानी में ही एक टन क्षमता वाला थर्माकोल रिसाइकल प्लांट लगाया है। जहां थर्माकोल को रिसायकल कर निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा है।

सफाई मित्रों ने दिलाया देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब : महापौर



पीपुल्स समाचार इंटरव्यू

स्वच्छता की गतिविधियों में आमजन की सहभागिता के अलावा सफाई मित्रों ने भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। इस सफलता में शहर के हर व्यक्ति का योगदान है। यह बात **पीपुल्स समाचार** से विशेष चर्चा में नगर निगम महापौर मालती राय ने कही। पेश हैं उनसे बातचीत के अंश...।

सवाल: भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया, वहीं कचरा मुक्त शहरों की श्रेणी में 7 स्टार रैंकिंग मिली है। इसका श्रेय आप किसको देती हैं।

जवाब: मैं शहरवासियों सहित नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को इसका श्रेय देती हूं। क्योंकि इनके बिना यह असंभव था।

सवाल: भोपाल, अहमदाबाद से सिर्फ 12 अंकों से पीछे रहा। इसकी क्या वजह रही।

जवाब: हमने नंबर वन रैंकिंग के लिए भरपूर मेहनत की थी। पूरे शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंड के अनुसार स्वच्छता गतिविधियां कीं, हालांकि जो कमियां रह गई हैं, उन्हें सुधारा जाएगा।

सवाल: जनप्रतिनिधियों और जनता को इस सफलता का कितना श्रेय मिलेगा।

जवाब: सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर सहभागिता दर्ज कराई और आमजन को भी सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। जनता ने भी पूरी सहभागिता निभाई। विशेषकर सफाई मित्रों ने भोपाल को देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर बनाने में अपनी तत्परता एवं कर्तव्य परायणता का परिचय दिया है। नागरिकों ने भी निगम द्वारा की जाने वाली स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई है।

डंप साइट में जीरो नंबर

आदमपुर छावनी स्थित डंप साइट पर नगर निगम को कोई भी नंबर नहीं मिले। जबकि इस डंप साइट को सुधारने के लिए पूरे साल भर अधिकारी दौड़-धूप करते रहे। निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन हर सप्ताह मॉनिटरिंग भी करते रहे। वहीं उदित गर्ग सहित चंचलेश गिरहरे, विजय गोयल भी हर दिन इसे बेहतर बनाने में जुटे रहे। फिर भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के रिजल्ट में जीरो नंबर ही मिले। यदि इस डंप साइट पर भी थोड़े नंबर मिले होते तो भोपाल स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन पर आ सकता था।

ये काम जिससे आगे निकला भोपाल



बोट क्लब पर हरियाली के लिए लगाए गए पौधे।



लिंक रोड की चकाचक सड़क ने भी भोपाल की रेटिंग सुधारी।



पॉलीटेक्निक चौराहे पर लगाए गए आकर्षक फव्वारे।



शहरभर में की गई वॉल पेंटिंग ने भी भोपाल को कमबैक करने में मदद की।

Downloaded from SAMVAD

Publication	**The Goan**	**Language**	English
Edition	Goa	**Journalist**	
Date	18/07/2025	**Page no**	1 & 7
CCM	N/A		

Panaji wins Cleanest City title at national awards CAPITAL CITY IS 'PRIDE OF GOA', HAS SET BENCHMARK IN URBAN CLEANLINESS: RANE

Downloaded from
SAMVAD

Panaji wins Cleanest City title at national awards

CAPITAL CITY IS 'PRIDE OF GOA', HAS SET BENCHMARK IN URBAN CLEANLINESS: RANE

THE GOAN I NETWORK

PANAJI

President of India Droupadi Murmu presented the award for the Cleanest City in the 50,000 to 2 lakh population category to Panaji at the Swachh Survekshan Awards 2024-25 ceremony held at Vigyan Bhawan in New Delhi on Thursday. Urban Development Minister Vishwajit Rane, along with CCP Mayor Rohit Monserrate and CCP Commissioner Clen Madeira, accepted the award on behalf of the city.

Rane described the recognition as a "moment of immense pride" for Goa, calling it a validation of the sustained efforts and transformative initiatives undertaken under the Swachh Bharat Mission.

"This recognition is not just an award, it is a validation of the work put in through door-to-door waste collection, the Garbage-Free City certification, and the scientific treatment of waste. Panaji has set a benchmark in urban cleanliness," Rane stated in a post on X.

He thanked Chief Minister Pramod Sawant for his leadership and support, and extended special appreciation to Mayor Rohit Monserrate for his "dedication and proactive efforts" in ensuring strict garbage segregation across the city.

Rane also acknowledged the collective efforts of Panaji's residents, sanitation workers, and all stakeholders who made the achievement possible.



Miramar, one of Panaji's clean and well-organised streets, reflects its Swachh Survekshan success.

AHMEDABAD RANKED CLEANEST BIG CITY

>> See pg 7

Downloaded from SAMVAD

Ahmedabad ranked cleanest big city

PTI

NEW DELHI

Ahmedabad was named the cleanest big city on Thursday, followed by Bhopal and Lucknow in the government's annual cleanliness survey, even as Indore, Surat, Navi Mumbai and Vijayawada were elevated to a newly formed 'Super Swachh League Cities' category for demonstrating exceptional performance in sanitation.

The results of the Swachh Survekshan were announced on Thursday. According to the government, 14 crore people participated in the survey through face-to-face interactions, the Swachhata App, MyGov and social media platforms in over 4,500 cities.

Indore, Surat, Navi Mumbai and Vijayawada were elevated to a newly formed 'Super Swachh League Cities' category for demonstrating exceptional performance in sanitation

Seventy-eight awards were presented this year across four categories -- Super Swachh League Cities; Top three clean cities in five population categories; Special Category: Ganga Towns, Cantonment Boards, SafaiMitra Suraksha, Mahakumbh; and State Level Awards -- Promising clean city of a state or Union Territory.

Under the new category 'Super Swachh League', Noida emerged as the cleanest city, followed by Chandigarh and Mysore in the three to 10 lakh population category.

